www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

# दैनिक अनोखा तीर

हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित

निशाने पर हर खबर

14 फरवरी 2026
हरदा, शनिवार
वर्ष-15, अंक - 251, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
फाल्गुन कृष्ण पक्ष - 12
विक्रम संवत् 2082



**शुभारंभ** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिए आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

# दमोह की ब्यारमा नदी से 33 गांवों में पहुंचेगा पानी

**● 600 करोड़ की धुनय धाम सिंचाई परियोजना मंजूर ● सीएम डॉ. यादव बोले-2 करोड़ से गीता भवन बनेगा**

**दमोह (एजेंसी)।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दमोह जिले के नोहटा में आयोजित 'नोहलेश्वर महोत्सव 2026' और किसान सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने यहां जिले के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं और करोड़ों रुपए की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने दमोह के 33 गांवों के किसानों के लिए ब्यारमा नदी से पानी पहुंचाने के लिए 600 करोड़ रुपए की धुनय धाम सिंचाई परियोजना को मंजूरी दी। इस योजना से क्षेत्र के हजारों किसानों को खेती के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। डॉ. यादव ने दमोह के मानस भवन को गीता भवन के रूप में विकसित करने की घोषणा की। इसके कायाकल्प और निर्माण कार्यों के लिए उन्होंने 2 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है। सरकार की योजना प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में ऐसे गीता भवन बनाने की है, जो सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के केंद्र होंगे।



**● नोहलेश्वर महोत्सव और सांस्कृतिक रंग-** नोहटा पहुंचने पर जल संसाधन मंत्री धर्मेंद्र सिंह और पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। सम्मेलन में हजारों की संख्या में किसान और ग्रामीण जुटे हैं। मुख्यमंत्री के संबोधन से पहले मशहूर गायिका शहनाज अख्तर ने भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। सीएम ने दमोह के राजनगर, सीतानगर और सत्धरू डैम में पर्यटन के लिए वोटिंग की मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि हम लाडली बहनों को 1500 रुपए दे रहे हैं तो कांग्रेस की छाती पर सांप लोट रहा है। कहते हैं सरकार के पास पैसे नहीं हैं, कहां से पैसे दोगे। अब तो यहां तक कहने लगे लाड़ली बहनाएं इस पैसे से शराब पी जाती हैं। कांग्रेसियों को यह बात बोलने में शर्म आनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर साधु-संतों पर गोलियां चलाने का लगाया आरोप। उन्होंने कहा कांग्रेस के नेता गो-माता के लिए आंदोलन करने दिल्ली गए थे। गो भक्तों और करपात्री महाराज सहित सभी साधु-संतों पर गोलियां चलाने का आरोप भी कांग्रेस पर हैं। मुख्यमंत्री यहां से छतरपुर के लिए रवाना होंगे, जहां वे बागेश्वर धाम में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम और कन्या विवाह महोत्सव में शामिल होंगे।

# मध्यप्रदेश का पहला 'पेपरलेस' बजट 18 फरवरी को

**सूटकेस की जगह टैबलेट, खजाना खोलेगी सरकार**

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मध्य प्रदेश सरकार 18 फरवरी को राज्य विधानसभा में अपना पहला पेपरलेस बजट पेश करेगी। इस साल से बजट की मोटी-मोटी किताबों की जगह सिर्फ वित्त मंत्री का भाषण और एक बजट हैंडआउट छपेगा। यह राज्य में ई-ऑफिस और ई-कैबिनेट सिस्टम लागू होने के बाद हो रहा है। सरकार इस साल कृषि क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान देगी, क्योंकि 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया गया है। साथ ही, 2028 में होने वाले सिंहस्थ के लिए भी बजट में अच्छी-खासी राशि का प्रावधान हो सकता है।



## बजट में इस साल नए तरीके

सरकार ने इस साल के बजट में कुछ नए तरीके भी अपनाए हैं। विकास परियोजनाओं और घोषणाओं को जारी रखने के लिए, सरकार अगले साल से 'नॉन-बजटरी प्रोविजन्स' (गैर-बजटीय प्रावधान) का इस्तेमाल करेगी। इसका मतलब है कि सरकारी परियोजनाओं का खर्च राज्य के अपने उद्यमों, बोर्डों और निगमों के फंड से उठाया जाएगा। यह सीधे तौर पर राज्य के सालाना बजट का हिस्सा नहीं होगा, लेकिन राज्य की वित्तीय गतिविधियों को प्रभावित करेगा।

### बजट में इस साल नया प्रयोग

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 10 फरवरी को बजट प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया और कहा कि ये प्रस्ताव वर्तमान संदर्भ के लिए बेहतर हैं। इस साल बजट में एक और नया प्रयोग किया जा रहा है, जिसे 'रोलिंग बजट' कहा जा रहा है। इसमें 2026-27, 2027-28 और 2028-29 के लिए बजट तैयार किए जाएंगे, जिनकी सालाना समीक्षा और समायोजन होगा। सरकार का कहना है कि इससे नीतियां लंबी अवधि के लिए और दूरदर्शी बनेंगी। पिछले साल, राज्य सरकार ने 'जीरो-बेस्ड बजटिंग' (शून्य-आधारित बजटिंग) भी शुरू की थी, जिसमें हर साल सभी खर्चों को नए सिरे से साबित करना पड़ता है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज खंडवा आएंगे

**● 600 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन करेंगे**

**-लाड़ली बहना की 33वीं किस्त जारी करेंगे मुख्यमंत्री**

**अनोखा तीर, खंडवा।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 14 फरवरी शनिवार को पंधाना आएंगे तथा वहां आयोजित कार्यक्रम में लगभग 255 करोड़ रुपए लागत के 2 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लगभग 354 करोड़ रुपए लागत के 11 निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव 252 करोड़ रुपए लागत से निर्मित होने वाली खंडवा नगर निगम की सीवरेज परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर 2.90 करोड़ रुपए लागत से निर्मित होने वाले पंधाना बस स्टैण्ड, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एवं रैन बसेरा के निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे।



**लगभग 354 करोड़ रुपए लागत के 11 कार्यों का होगा लोकार्पण-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव पंधाना में आयोजित कार्यक्रम में 301.41 करोड़ रुपए लागत से निर्मित भाम सिंचाई परियोजना का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही 37 करोड़ रुपए लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय पंधाना का लोकार्पण भी करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव 11.06 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले संयुक्त एसडीएम कार्यालय भवन पंधाना का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में 65-65 लाख रुपए लागत से निर्मित छैगांवदेवी एवं हरसवाड़ा के कुल 2 आयुष्मान आरोग्य केन्द्रों के भवनों का लोकार्पण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव बलखड़घाटी में 49 लाख रुपए लागत से निर्मित आयुष्मान आरोग्य केन्द के भवन का लोकार्पण भी करेंगे।

**● लाड़ली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से राशि करेंगे ट्रांसफर-** 14 फरवरी को पंधाना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लाड़ली बहना योजना की हितग्राहियों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से माह फरवरी 2026 की राशि ट्रांसफर करेंगे। प्रदेश की लगभग 1.25 करोड़ बहनों के खातों में 1800 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रत्ना शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा खण्डवा जिले की 2 लाख से अधिक बहनों के खातों में 1500 रुपए प्रति हितग्राही के मान से राशि अंतरित करेंगे।

# भोपाल में चरस सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**आरोपियों के कब्जे से 495 ग्राम मादक पदार्थ मिला, एनडीपीएस एक्ट के तहत की कार्रवाई**

**अनोखा तीर, भोपाल।** भोपाल क्राइम ब्रांच ने 495 ग्राम चरस एवं दो मोबाइल फोन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दिया गया है। एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि टीआईटी मैदान खंडहर के पास गोविंदपुरा में दो युवक खड़े हुए हैं। उनके पास मादक पदार्थ चरस है, जिसे बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। यदि उन्हें जल्दी नहीं पकडा गया तो वह चरस को किसी को बेचकर निकल जाएंगे। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची तथा घेराबंदी कर युवकों को दबोच लिया।



# दूसरा निकाह कर रहा था पति, पुलिस लेकर पहुंची पत्नी तो रोकनी पड़ी सारी रस्में

**अनोखा तीर, छिंदवाड़ा।**

गुरुवार देर शाम शहर के अमन कॉलोनी इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक महिला अपने पति का दूसरा निकाह रुकवाने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद निकाह की चल रही रस्म बीच में ही रोक दी गई।

**देहात थाने में लगाई गुहार-** पीड़िता को जैसे ही पति की दूसरी शादी की जानकारी मिली, वह सीधे देहात थाना पहुंची। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका वैवाहिक विवाद पहले से न्यायालय में विचाराधीन है और गुजारा भत्ता तक तय हो चुका है। इसके बावजूद पति दूसरी शादी कर रहा है। शिकायत मिलते ही पुलिस टीम महिला को साथ लेकर अमन कॉलोनी स्थित घर पहुंची।

**पुलिस के पहुंचते ही रुकी रस्म-** मौके पर निकाह की तैयारियां चल रही थीं और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए रस्म रुकवा दी। कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण रहा, लेकिन पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित कर हालात काबू में किए।

**तीन दिन पहले वायरल हुआ था अश्लील वीडियो**

# क्लासमेट के कमरे में मिला एमबीए छात्रा का नग्न शव

**अनोखा तीर, इंदौर।**

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक 25 वर्षीय एमबीए छात्रा का शव उसके क्लासमेट के कमरे में निर्वस्त्र हालत में मिला है। कमरे के बाहर ताला लगा हुआ था। छात्रा पिछले तीन दिनों से लापता थी। मामले के सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने कमरे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया जहां छात्रा की लाश पड़ी मिली।

**मंदसौर का रहने वाला है युवक-** घटना द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के अंकली गली की है। जिस कमरे से शव मिला वह मंदसौर निवासी पीयूष धनोतिया नामक युवक का है जो छात्रा का क्लासमेट बताया जा रहा है। दोनों सांवेर रोड स्थित एक निजी संस्थान से एमबीए की पढ़ाई कर रहे थे। घटना के बाद से आरोपी युवक फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।



**10 फरवरी से लापता थी छात्रा-** जानकारी के मुताबिक छात्रा 10 फरवरी से लापता थी। उस दिन वह आधार कार्ड में सुधार करवाने की बात कहकर अपने पिता के साथ घर से निकली थी। पिता ने उसे कलेक्टोरेट के पास छोड़ा था। वहां से छात्रा ने अपनी छोटी बहन को फोन कर बताया कि वह अपने क्लासमेट पीयूष के साथ एक जन्मदिन की पार्टी में जा रही है और रात 11 बजे तक घर लौट आएगी। इसके बाद छात्रा घर नहीं लौटी। देर रात तक जब वह वापस नहीं आई तो परिवार चिंतित हो गया। उसका मोबाइल फोन भी बंद हो गया था।

**कॉलेज के ग्रुप में वीडियो वायरल-** इसी बीच 10 फरवरी की रात कॉलेज के वॉट्सएप ग्रुप में छात्रा के मोबाइल से एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया गया। वीडियो में एक युवक का चेहरा इमोजी से ढका हुआ था जबकि छात्रा का चेहरा साफ दिखाई दे रहा था।

### तेज बदबू आने की शिकायत

शुक्रवार को उसी कमरे से तेज बदबू आने की शिकायत मिली। सूचना पर द्वारकापुरी पुलिस मौके पर पहुंची और ताला तोड़कर अंदर गई। कमरे में छात्रा का शव मिला। मौके पर एफएसएल की टीम भी पहुंची है। परिवार का आरोप है कि आरोपी युवक ने छात्रा के मोबाइल से उसके स्टेटस पर भी आपत्तिजनक वीडियो लगाए थे और फोन में सेव नंबर पर लोगों को भेजे।

# ब्राउन शुगर तस्करी पर पुलिस की कार्यवाही, एक आरोपी गिरफ्तार

**-आरोपी से 63 हजार की 6.30 ग्राम ब्राउन शुगर जप्त**





**अनोखा तीर, बड़वाह।**

शहर के अनेक गली मोहल्लों में अवैध शराब का कारोबार और गली मोहल्लों में बिकने वाले सफेद पाउडर ब्राउन शुगर की बिक्री से शहरहवासी काफी परेशान है।

जबकि नशे के खिलाफ अब सोशल मीडिया पर भी पोस्ट देखने को मिल सकती है। लेकिन इन नशे के अवैध कारोबार पर नकल कसने के लिए स्थानीय पुलिस विभाग अब चौंकना हो चुका है। इसी के चलते जिला पुलिस अधीक्षक रविन्द्र वर्मा और पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में बड़वाह पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही करने में सफलता हासिल की गई है।

**कार्यवाही में मुखबिर की सूचना से पुलिस को मिली सफलता -** इस कार्यवाही के पूर्व बड़वाह थाने पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, शहर के बजरंग घाट निवासी ओमप्रकाश उर्फ कालुबोस अवैध तरीके से ब्राउन शुगर का विक्रय एवं सप्लाई करने का काम करता है।

जो गुरुवार को इंदौर तरफ से काटकूट तथा रावत पलासिया, सुलगांव होकर जंगल के रास्ते बडवाह ब्राउन शुगर लेकर आने वाला है। मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी बलराम सिंह राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

जिसके बाद मुखबिर के बताए अनुसार पुलिस टीम को आरोपी को पकड़ने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस टीम सुलगांव फाटे एवं कडिया कुंड स्थित जंगल जाने के लिए रवाना की गई। जहा मुखबिर के बताए अनुसार व्यक्ति के आने का इंतजार किया गया। थोडी देर बाद पुलिस टीम को एक व्यक्ति काले रंग की बुलेट मोटर सायकल से आता दिखाई दिया। जिसे पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर पकड़ा। उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम ओमप्रकाश उर्फ कालु बोस पिता गबरू वर्मा उम्र 38 वर्ष निवासी बजरंग घाट बडवाह का होना बताया।

### आरोपी का पुलिस रिमांड लेकर करेंगे बारीकी से पूछताछ

पुलिस टीम के द्वारा आरोपी ओमप्रकाश की तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 6.30 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर मिला। जिसकी कीमती लगभग 63 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस टीम ने मादक पदार्थ को जप्त कर ओमप्रकाश पर अपराध क्रमांक 85/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जिसके बाद गिरफ़्तार आरोपी को माननीय न्यायालय पेश कर पुलिस रिमांड लेने की बात कही। जिससे तस्करी के नेटवर्क एवं सप्लायर के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा सके। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी बड़वाह श्रीमति अर्चना रावत के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी बलरामसिंह राठौर के नेतृत्व में उप निरीक्षक मोहर सिंह बघेल, शिवप्रसाद वर्मा, कमल कुशवाह, मनोज कुशवाह, कैलाश चौहान, नितिन बौरासी, दीपक तोमर, आशीष कुशवाह, शिवेन्द्र राजावत, राहुल गुर्जर, विजय अहिरवार सहित बड़वाह थाने के अन्य पुलिस स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

# 30 फीट गहरे तालाब में गिरी कार... तीन बारातियों की मौत

**विदिशा (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के विदिशा में गुरुवार देर रात बारातियों से भरी तेज रफ्तार टवेरा कार सूखे तालाब में जा गिरी। हादसे में 3 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक गैरतगंज से जाफरखेड़ी निवासी दशरथ सिंह के यहां बारात आ रही थी। टवेरा कार में कुल 10 लोग सवार थे। गाड़ी तेज रफ्तार में थी। अंधेरा होने के कारण ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया। कार सड़क से सीधे 30 फीट गहरे सूखे तालाब में जा गिरी।

हादसे में 35 वर्षीय राजेश लोधी, 30 वर्षीय सोनू लोधी (ड्राइवर) और 35 वर्षीय चंद्रशेखर की जान गई है। वहीं घायलों में अशोक लोधी (25) का बायां हाथ फ्रैक्चर हुआ है। राज बोधी (14) के पेट में गंभीर चोट आई है।

## सार-समाचार

# किसानों को मिल रही सोलर पंप की सौगात

### विशेष शिविर में 12 किसानों के एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड प्रक्रिया की गई

**अनोखा तीर, हरदा।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के अंतर्गत हरदा जिले के किसानों को सिंचाई सुविधा सुलभ कराने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम द्वारा योजना के तहत हरदा जिले में 361 किसानों का ऑफ ग्रिड सोलर पंप प्रदाय करने हेतु चयन किया गया है। इस योजना से किसानों को




दिन के समय निर्बाध सिंचाई, कम लागत में खेती तथा पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता का लाभ मिल रहा है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन व जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत हरदा में शुक्रवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी नरेन्द्र कुमार जैन एवं विभिन्न ईकाईयों के प्रतिनिधियों द्वारा 12 किसानों के एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड प्रक्रिया की गई। उन्होने बताया कि शिविर में आए 05 किसानों की पहले से ही कस्टमर इंफॉर्मेशन फाईल पूर्ण की जा चुकी थी।

# रात्रि के समय घर की राह भटका 10 वर्षीय बालक

### ● डायल- 112 जवानों ने एफआरव्ही वाहन से लेकर परिजन से मिलाया

**अनोखा तीर, हरदा।** थाना कोतवाली क्षेत्र में रेल्वे स्टेशन पर 10 वर्षीय बालक मिला है, जो घर की राह भटक गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में देर रात्रि 04 :11 बजे प्राप्त हुई। सूचना मिलने पर तत्काल कोतवाली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक संदीप कुजूर पायलेट विशाल ने मौके पर पहुंचकर बालक को संरक्षण में लिया। डायल-112 जवानों द्वारा स्नेहपूर्वक बालक से जानकारी लेने पर बालक ने बताया की पिता के साथ घर से निकल कर साथ छूट जाने से घर का रास्ता भटक गया है, बालक द्वारा पिता के संपर्क नंबर बताए गए। डायल-112 जवानों द्वारा बालक के पिता से संपर्क कर जानकरी ली गयी, और डायल-112 जवानों द्वारा पीड़ित बालक को गांव ले जाकर पहचान व सत्यापन उपरांत उसके परिजन के सुपुर्द किया।

# हरदा वाले सावधान आपदा में समाधान

**अनोखा तीर, हरदा।** कार्यालय कलेक्टर राहत शाखा-हरदा एवं पहल सामाजिक विकास संस्था द्वारा आपदा प्रबंधन जैसे- आकाशीय बिजली, बाढ़, भूकंप, तापघात, अग्नि दुर्घटना, प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदा हेतु जन जागृति अभियान के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमे प्राकृतिक बाढ़, भूकंप, तापघात एवं अग्नि और मानव निर्मित आग प्रदूषण विस्फोट



आपदाओं से बचने के लिए पूर्व तैयारी जागरूकता और सतर्कता आवश्यक है। आपदाओं की स्थिति में आपातकालीन किट पानी भोजन दवाइयां तैयार रखे बचाव योजनाओं का अभ्यास करें और पर्यावरण संरक्षण पेड़ लगाना प्लास्टिक कम करना व सुरक्षित बुनियादी ढांचे को अपनाकर जोखिम को कम करें, पहल टीम के द्वारा जिले के तीनों विकासखंडों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आपदा प्रबंधन पर जागरूकता जन-जागृति अभियान चलाया जा रहा हैं। इस अवसर पर कुकरावद सुखरास गहल एवं नकवाडा ग्राम के सरपंच, उप सरपंच, पंचायत सदस्य, सचिव, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, स्कूली बच्चें, आशा, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

# मानता पूरी होने पर की जा रही मां नर्मदा की दंडवत यात्रा

**अनोखा तीर, मसनगांव।** इन दिनों मां नर्मदा की भक्ति और आस्था का सैलाब हर जगह दिखाई दे रहा है। महाशिवरात्रि पर्व पर उठने वाली नेमावर से पंचकोशी यात्रा के बाद लाखों श्रद्धालु रोजाना मां नर्मदा की 3500 किमी. की यात्रा करते भी दिखाई दे रहे हैं। वहीं ग्राम के श्रद्धालु दिनेश सोनी के द्वारा मान्यता पूरी होने पर ग्राम से दंडवत शुरू की गई जो हंडिया के रिद्धनाथ घाट



पर जाकर समाप्त होगी। शुक्रवार सुबह से स्थानीय राधा कृष्ण मंदिर में पूजन-अर्चन के पश्चात परिजनों सहित दिनेश सोनी ने अपनी दंडवत यात्रा शुरू की। जिसका पहला पड़ाव पलासनेर के पास रहा। दूसरे दिन यहां से यात्रा आगे बढ़ेगी। इस प्रकार दंडवत करते हुए श्रद्धालु हंडिया पहुंचकर मां नर्मदा की पूजन कर मानता पूरी करेंगे।



# सड़क दुघर्टना में सालाबेड़ी के बुजुर्ग का निधन

**अनोखा तीर, मसनगांव।** नीमच-जावरा हाईवे पर सड़क दुघर्टना में करीबी ग्राम सालाबेड़ी के बुजुर्ग गुलाब बाबा विश्नोई की मृत्यु हो गई। बताया जाता है कि विश्नोई अमावस्या पर सामाज के तीर्थ समराथल मुकाम दर्शन के लिए जा रहे थे। जावरा में खाना खा कर बाहर निकले थे कि तेज गति से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सुचना मिलने पर परिजन मौके के लिए रवाना हुए। जहां स्थानीय पुलिस द्वारा पीएम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## हस्तांदोलन टालना पर्याप्त नहीं

# भारत-पाक क्रिकेट मैच रद्द करो!

### ● हिंदू जनजागृति समिति की पुणे और अहिल्यानगर में हुए आंदोलनों के माध्यम से मांग ● आतंकवाद और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते!

**अनोखा तीर, पुणे/अहिल्यानगर।**

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने 15 फरवरी 2026 से श्रीलंका के कोलंबो में शुरू होने वाले 'आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप' में भारत के विरुद्ध खेलने की तैयारी भले ही दिखाई हो, किंतु भारत सरकार को इस प्रस्ताव के झांसे में नहीं आना चाहिए। जब तक सीमा पार से आतंकवाद नहीं रुकता, तब तक पाकिस्तान से कोई संबंध नहीं रखे जाएंगे, यह भारत की ठाम नीति होनी चाहिए। क्रिकेट के मैदान पर केवल हाथ मिलाना (हस्तांदोलन) टालकर पाकिस्तान का विरोध करना पर्याप्त नहीं है। क्रिकेट ही नहीं, बल्कि पाकिस्तान के साथ किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रखा जाना चाहिए।

खून के दाग क्रिकेट की जर्सी से नहीं छिपाए जा सकते, ऐसी कठोर भूमिका भारत सरकार अपनाए, यह मांग हिंदू जनजागृति समिति ने विभिन्न स्थानों पर किए गए आंदोलनों के माध्यम से की है। पुणे में राजाराम पुल, सिंहगढ़ रोड पर आयोजित आंदोलन में सनदी लेखापाल (सीए) और



अधिवक्ता सर्वेश मेहेंदळे, राष्ट्रभक्त अधिवक्ता समिति की अधिवक्ता मुग्धा बिवलकर, भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव उज्ज्वला गौड, हिंदू जनजागृति समिति के पराग गोखले और हिंदू राष्ट्र समन्वय समिति के पुणे जिला संयोजक सचिन घुले आदि मान्यवर उपस्थित थे। इसी प्रकार, अहिल्यानगर के दिल्ली गेट पर भी निषेध आंदोलन किया गया। इसके अलावा, सातारा, कोल्हापुर और राज्य भर में विभिन्न स्थानों पर जिलाधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर भारत-पाक क्रिकेट मैच रद्द करने की जोरदार मांग समिति और अन्य हिंदुत्वनिष्ठ संगठनों ने की। इस संदर्भ में समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता रमेश शिंदे ने कहा कि भारत ने 'सिंधु जल समझौते' के समय पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते, ऐसी कठोर भूमिका अपनाई थी। वही भूमिका अब क्रिकेट के संदर्भ में भी अपनानी चाहिए। जब सीमा पर हमारे जवान अपना रक्त बहा रहे हों और देश में 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसा गंभीर अभियान चल रहा हो, तब पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना हमारे जवानों और राष्ट्रप्रेमी जनता का घोर अपमान है। पाकिस्तानी खिलाड़ी केवल खिलाड़ी नहीं हैं, बल्कि वे अक्सर भारत विरोधी एजेंडा चलाते दिखाई देते हैं। शाहिद अफरीदी और जावेद मियांदाद अक्सर कश्मीर पर जहर उगलते हैं, तो शोएब अख्तर ने खुले तौर पर 'गजवा-ए-हिंद' का समर्थन किया था। ऐसी मानसिकता वाले खिलाड़ियों के साथ भारत क्यों खेले? श्री शिंदे ने आगे कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की पृष्ठभूमि में, बीसीसीआई ने हाल ही में बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को 'कोलकाता नाइट राइडर्स' टीम से बाहर करने के लिए बाध्य किया था। वही कठोर भूमिका अब पाकिस्तान के साथ अपनानी चाहिए। खेल और आतंकवाद हाथ में हाथ डालकर नहीं चल सकते। भारत सरकार को यह स्पष्ट शब्दों में बताना चाहिए।

# टेल एरिया में पानी पंहुचाने में नाकाम हो रहा जल संसाधन विभाग

### ● कलेक्टर और कमिश्नर के आदेशों पर नहीं हो रहा अमल



**अनोखा तीर, मसनगांव।** जिले के अंतिम छोर पर आने वाले सोनतलाई और रेवापुर सब डिवीजन में पिछले 15 दिनों से नहर में पानी पहुंचाने में जल संसाधन विभाग नाकाम हो रहा है। जबकि इस साल तवा डेम में पर्याप्त पानी होने के बावजूद विभाग द्वारा जिले को कम मात्रा में पानी देने से स्थिति खराब बनी हुई है। रवि सीजन की मुख्य फसल गेहूं तथा मक्का में पानी देने के लिए किसान नहर में पानी आने का इंतजार कर रहे हैं। परंतु विभागीय अधिकारी द्वारा कलेक्टर और कमिश्नर के आदेशों की भी अहवेलना की जा रही है। जिले के किसानों द्वारा मंगलवार के दिन जिला कलेक्टर को नहर में की समस्या से अवगत कराया था। जिस पर संज्ञान लेटे हुए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के द्वारा कमिशनर से पानी बढ़ने की मांग की गई थी। इसके बावजुद पानी नहीं बढ़ सका। जिससे क्षेत्र में टेल क्षेत्र के किसानों को पानी के लिए इंतजार करना पड रहा है। किसान अरविंद भायरे, सुरेंद्र पाटिल, सुधीर पाटिल, राजकुमार पाटिल आदि ने बताया कि गेहुं को दूसरा पानी दिये हुए एक माह से ऊपर हो चुका है, तीसरे पानी के लिए मशक्कत करना पड रहा है। लेकिन विभागीय अधिकारी नहर में पानी की व्यवस्था नहीं बना पा रहे हैं। जिसका खामियाजा किसानों को अपनी फसल के उत्पादन के रूप में भुगतना पड़ेगा। किसानों का कहना है कि विभाग द्वारा मूंग की फसल में भी पानी नहीं दिया जाता। रवी सीजन में भी किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जबकी डेम में पर्याप्त पानी बना हुआ है, इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा किसानों की मांग पर ध्यान नहीं दिये जाने से नहर में पानी की स्थिति खराब बनी हुई है। जिले के अधिकारी नहर में पानी पहुंचाने में नाकाम हो रहे हैं। शुक्रवार के दिन सोनतलाई सब डिविजन में उपर की नहरों को बंद कर नीचे पानी पंहुचाने का प्रयास किया गया। लेकिन वह भी अधिक सफल नहीं हो सका। इस समय हेड से लेकर टेल तक एक साथ पानी की मांग बनी होने से विभाग के कर्मचारियों द्वारा उपरी शाखाओं को शाम के समय बंद किया जाता है। जिसे किसान सुबह होते ही जल्दी वापस खोल लेते हैं, जिससे टेल क्षेत्र तक पर्याप्त मात्र में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में खेतों में खड़ी हुई फसल को तीसरा पानी समय पर नहीं मिल पा रहा है। यदि यही स्थिति रही तो दो-चार दिन बाद किसान फसल में पानी लगाना बंद कर देंगे। क्योंकि खेतों में नमी सुखने के बाद फसलों में सिचाई की जाती है, तो पौधे असमय सुख जाएंगे जिससे उत्पादन बिगड़ जाएगा।

# भक्ति और आस्था के संगम के साथ 18 अभिषेक महोत्सव संपन्न

**अनोखा तीर, खिरकिया।** जैन श्वेताम्बर श्री संघ के तत्वावधान में श्री नमिनाथ भगवान जिनालय में शुक्रवार को 18 अभिषेक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। भक्ति, शक्ति और आराधना के इस त्रिवेणी संगम में समाज



के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर परमात्मा की भक्ति का रसास्वादन किया। दोपहर 1.30 बजे से प्रारंभ हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में संपूर्ण वातावरण मंत्रोच्चार और जयकारों से गुंजायमान रहा। आध्यात्मिक शुद्धि के महापर्व जैन दर्शन में परमात्मा के अभिषेक का विशेष महत्व बताते हुए विद्वानों ने कहा कि 18 अभिषेक केवल एक क्रिया नहीं, बल्कि आत्मा को कर्मों के मैल से मुक्त करने की एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है। केसर, चंदन, दूध, दही, घी, गंधोदक और विभिन्न दिव्य औषधियों के मिश्रण से किए जाने वाले इन अभिषेकों का उद्देश्य विश्व शांति, जीव मात्र का कल्याण और स्वयं के भीतर भक्ति भाव को जागृत करना है। मान्यता है कि तीर्थंकर परमात्मा के अभिषेक के दर्शन मात्र से जन्म-जन्मांतर के पापों का शमन होता है। विशिष्ट अनुष्ठान और लाभार्थी महोत्सव का प्रारंभ विधिकारक संजय ककरेचा भाटखेड़ी द्वारा विधि-विधान से करवाया गया। पूजन के दौरान चेतन चंदूलाल नागड़ा ने चंद्र दर्शन तथा काव्य एवं दिव्यांश नागड़ा ने सूर्य दर्शन के लाभार्थी के रूप में पूजन संपन्न किया। समाज की सुख-समृद्धि की कामना के साथ अभय, अरुण और विराज नागड़ा द्वारा शांति कलश की स्थापना की गई।

**उज्जैन की सुर लहरियों पर झूमे श्रद्धालु-** आयोजन में भक्ति के रंग को और गहरा करने के लिए उज्जैन के प्रसिद्ध राज मोदी एंड टीम ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। संगीतमय अभिषेक के दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर नृत्य करते नजर आए। देशभर से जुटे श्रद्धालु, प्रभावना का लाभ इस महोत्सव में खिरकिया सहित इंदौर, मुंबई, बेंगलुरु, संभाजीनगर और कच्छ गुजरात से पधारे 18 मुख्य लाभार्थी परिवारों ने परमात्मा की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के अंत में मातुश्री लक्ष्मीबाई भवानजी नागड़ा परिवार की ओर से प्रभावना का वितरण किया गया। महोत्सव में लक्ष्मीबाई भवानजी नागड़ा, काशमीरा विनोद लोड़ाया, पुष्पाबेन प्रवीणजी लोड़ाया, दीप्ति दीपीत शाह, नरेश नागड़ा, बिनाबेन जयंत नागड़ा, बिमलाबाई हुकुमचंद मेहता, अमरचंद मेहता, रूपचंद नागड़ा, मासूमी संकेत घीया, मनोज चपलोद, डॉ. रमेश शाह, चंद्रकांत नागड़ा, रमेश नागड़ा, चंदूलाल नागड़ा, वेरशी वेलजी नागड़ा, प्रतिभाबेन शाह, निर्मल कुमार विनायक, अनिल मुनोत, विमलचंद रंका, निर्मलाबेन मैंशेरी (कच्छ), शिखर भंडारी, पारसबाई कोचर एवं हुकुमचंद विनायक परिवार ने पुण्य लाभ लिया।

# उपखंड स्तरीय वन अधिकार समितियों का प्रशिक्षण संपन्न

**अनोखा तीर, हरदा।**

वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियांवयन के लिए प्रदेश में विभिन्न स्तरों पर प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण-सत्रों की शुरूआत की गई है। प्रथम चरण में 21 जिला मुख्यालयों पर उपखंड स्तरीय वन अधिकार समिति के शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों सहित जिला स्तर पर नामांकित मास्टर ट्रेनर्स के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार जिला स्तर पर उपखंड समितियों के शासकीय व अशासकीय सदस्यों एवं नामांकित जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर हेतु 10 व 11 फरवरी को शासकीय उत्कृष्ट अनुसूचित जाति बालक छात्रावास हरदा में दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रथम दिवस कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने छात्रावास पहुंचकर प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला संयोजक रवि कनोजिया ने प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं की जाने वाले कार्यवाही से अवगत कराया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस राज्य स्तर से अधिकृत मास्टर ट्रेनर जंगलसिंह परते एवं श्रीराम काजले ने जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर व प्रशिक्षणार्थियों को वन अधिकार अधिनियम के प्रावधान में सामुदायिक वन अधिकारों, वन संसाधनों




के संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकारों की मान्यता दिए जाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा वन अधिकार के क्रियांवयन से संबंधित प्रश्नों व शंकाओं का समाधान किया गया। प्रशिक्षण के समापन पर जिला संयोजक श्री कनोजिया द्वारा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

# विद्युत सप्लाई नगर पालिका द्वारा पेड़ काटने के कारण रहेगी प्रभावित

अनोखा तीर, हरदा। आज सुबह 10 बजे से 12 बजे तक 33/11 केवी उपकेंद्र आदर्श कृषि उपज मंडी से निकलने वाले 11 केवी कैंटीन फीडर की विद्युत सप्लाई नगर पालिका द्वारा पेड़ काटने के कारण बंद रहेगी प्रभावित कॉलोनी, शकूर सत्तार, शर्मा कॉलोनी, शुक्ला कॉलोनी, पीलियाखाल, शिवम वाटिका आदि।

# कायदा में पुलिस चौकी या डायल 112 की सख्त जरूरत

**अनोखा तीर, रहटगांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कायदा में पुलिस चौकी या डायल 112 की अत्यंत आवश्यकता है। ज्ञात हो कि रहटगांव थाना भौगोलिक स्थिति के अनुसार काफी बड़ा और फैला हुआ है। तथा रहटगांव थाने का अंतिम गांव राताமाटी, बिटिया एवं कचनार गोहटी और लाखादेह, चुरनी, बापचा रहटगांव थाना से लगभग 60 किमी. से भी अधिक है। जिससे कई बार घटना दुर्घटना होने पर हितग्राही को सूचना देने में और पुलिस को भी घटनास्थल पर पहुंचने में अधिक समय लग जाता है। यदि ग्राम कायदा में पुलिस चौकी खुलती है अथवा 112 यहां मौजूद रहती है तो क्षेत्र के आदिवासियों को काफी सहूलियत हो जाएगी। इस संबंध में भाजपा कायदा मंडल अध्यक्ष सतीश इवने ने बताया कि पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से जल्द इस विषय पर चर्चा की जाएगी। जिससे क्षेत्र के आदिवासियों को घटना दुर्घटना या अन्य पुलिस से संबंधित कार्य में सुविधा हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

### ● प्रेमी ने पत्नी के साथ मिलकर गर्लफ्रेंड का गला घोंटा

# बक्से में बंदकर सेप्टिक टैंक में फेंकी थी लाश

**अनोखा तीर, भोपाल।**

भोपाल में सेप्टिक टैंक में मिली महिला की लाश की शिनाख्त पुलिस ने कर ली है। महिला का नाम अशरफी उर्फ सिया है। वह महाराष्ट्र के गोंदिया जिले की रहने वाली थी। 33 साल की अशरफी का कत्ल उसके शादीशुदा प्रेमी ने पत्नी के साथ मिलकर किया था। फिलहाल, दोनों फरार हैं।

निशातपुरा थाने के एसआई श्रीकांत द्विवेदी ने बताया कि अशरफी की एक साल पहले इंस्टाग्राम पर भोपाल निवासी समीर से दोस्ती हुई। चैटिंग करते-करते दोनों में प्यार हो गया। करीब तीन महीने अशरफी भोपाल आ गई। वह कमल नगर निवासी समीर के घर में उसके साथ ही रहने लगी।

**शादीशुदा प्रेमी के साथ ही रह रही थी-** समीर पहले से शादीशुदा होने के साथ ही दो बच्चों का पिता है। इसी बात को लेकर समीर की पत्नी और अशरफी के बीच विवाद होने लगे। इससे परेशान होकर समीर ने अशरफी की हत्या करने का प्लान बना लिया। इसमें पत्नी को भी शामिल कर लिया।

साजिश के मुताबिक, 9 फरवरी को समीर ने सिया का गला घोंटकर हत्या कर दी। फिर टीन के बक्से में शव रखा और घर के पास खाली प्लॉट में बने सेप्टिक टैंक में डाल दिया। सेप्टिक टैंक से तेज बदबू आने पर स्थानीय रहवासियों ने गुरुवार शाम पुलिस को सूचना दी।

# कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की 16 फरवरी को अहम बैठक

**अनोखा तीर, हरदा।** स्व. कृष्ण तिवारी के असमय दुखद निधन के कारण कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष का पद रिक्त है साथ ही अन्य सभी पदों का निर्वाचन के लिए 16 फरवरी को एक अहम बैठक कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज धर्मशाला में रखी गई है। चुनाव निर्वाचन समिति जो समाज द्वारा पूर्व में बनाई गई थी, उसके सदस्य भुवन, विक्रम पांडे, अनिल अग्निहोत्री, अरूण तिवारी, लक्ष्मीकांत दुबे ने लिया है कि दिनांक 16 दिन सोमवार को शाम 6 :00 बजे कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज बैठक में जिला अध्यक्ष पद सहित सभी पदों का निर्वाचन सर्व समिति से किया जाएगा।

निर्वाचन समिति ने सामाजिक बंधुओ से अपील की है की बैठक में अवश्य पधारे और अपने विचार खुलकर सबके सामने रखे हैं। निर्वाचन बैठक में परिवार का एक सदस्य अवश्य आए, चुनाव कोई भी लड़ सकता है उसके लिए एक प्रस्तावक हो और दो समर्थक होना अनिवार्य है।


# एमपी के 1.32 करोड़ लोगों को बिना दिक्कत मिलेगा राशन

### 5 दिन से सर्वर डाउन रहा, 28 हजार दुकानों की बायोमेट्रिक मशीनें नहीं चली



**अनोखा तीर, भोपाल।**

मध्य प्रदेश के 1 करोड़ 32 लाख लोगों को अब बिना किसी दिक्कत के राशन मिलेगा। पिछले 5 दिन से 28 हजार से ज्यादा राशन दुकानों की बायोमेट्रिक (PoS) मशीनें सर्वर डाउन होने से नहीं चली थी। इस कारण लोगों को राशन नहीं मिल पा रहा था। गुरुवार को तकनीकी समस्या दूर की गई। अफसरों का कहना है कि शुक्रवार से नियमित रूप से राशन का वितरण किया जाएगा। राशन दुकानों पर विजन टेक कंपनी ने बायोमेट्रिक मशीन लगाई है। इसमें अंगूठा लगाने के बाद ही राशन दिया जाता है। इसी मशीन में दिक्कतें हो रही थीं। पिछले 5 दिन से सर्वर डाउन रहा। इस वजह से राशन का वितरण नहीं हो पा रहा था। जिला आपूर्ति अधिकारी चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि पिछले 5 दिन से सर्वर में दिक्कत आ रही थीं। वहीं, मशीनों में अपग्रेडशन हो रहा था। सॉफ्टवेयर भी अपडेट हो रहा था। इस कारण राशन का वितरण नहीं हो सका। गुरुवार को समस्या दूर हो गई। शुक्रवार को नियमित रूप से बिना दिक्कत के राशन का वितरण हो सकेगा। भोपाल में 502 दुकानें, साढ़े 3 लाख हितग्राही राशन के दायरे में एमपी के 1 करोड़ 32 लाख 45 हजार 841 लोग आते हैं। इन्हें 28 हजार 70 दुकानों से राशन का वितरण हो रहा है। भोपाल में 502 दुकानें हैं। जहां से 3.50 लाख लोगों को राशन वितरण होता है। इतना मिलता है राशन प्राथमिक परिवार को 5 किलोग्राम प्रति सदस्य के हिसाब से राशन दिया जाता है। इनमें 4 किलो गेहूं और 1 किलो फोर्टिफाइड चावल शामिल हैं। अंत्योदय परिवार को 35 किलो (प्रति परिवार) राशन दिया जाता है। इसमें 30 किलो गेहूं, 5 किलो चावल शामि हैं। इसके अलावा एक किलो शकर और एक किलो नमक भी दिया जाता है।




अनोखा तीर 3

# हरदा नगर

हरदा, शनिवार 14 फरवरी 2026


## राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत आयोजित होंगे स्क्रीनिंग शिविर

**अनोखा तीर, हरदा।** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित सभी पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों की पेंशन फार्म तैयार कर पेंशन स्वीकृत करने एवं उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र तैयार करने के लिए जिले में स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि शिविरों में सामाजिक न्याय विभाग, स्वास्थ विभाग, शिक्षा विभाग, एवं महिला बाल विकास, सभी जनपदों व नगरीय निकायों को शत प्रतिशत स्क्रीनिंग के लिए जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा जिले में निर्धारित दिनांक एवं स्थान तय किए गए है, जिसकी जिम्मेदारी सर्व संबंधित विभागों को सौपी गई है। उन्होने बताया कि 16 फरवरी को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र हरदा, 18 फरवरी को जनपद पंचायत प्रागंण टिमरनी, 20 फरवरी को जनपद पंचायत प्रागंण खिरकिया, 23 फरवरी को नगर परिषद सिराली, 25 फरवरी को ग्राम पंचायत हंडिया, 27 फरवरी को ग्राम पंचायत रहटगांव, 09 मार्च को ग्राम पंचायत गोराखाल, 11 मार्च को ग्राम पंचायत चारूवा तथा 13 मार्च को ग्राम पंचायत सोडलपुर में स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किए जाएंगे। ये शिविर प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक आयोजित होंगे।

## सार-समाचार

### हरदा में पुलिस प्रशासन भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहा है : मोहन साईं

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा पुलिस की कार्यप्रणाली पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने नाराजगी जताई है। हरदा पुलिस द्वारा कांग्रेस पार्टी के ऐसे कार्यकर्ताओं पर इनाम घोषित किया, जो लगातार कांग्रेस पार्टी के हर कार्यक्रम में उपस्थित रहते हैं और उनमें से कई कार्यकर्ता पदाधिकारी हैं। एक तो जनपद पंचायत हरदा में उपाध्यक्ष है। उन्होंने बताया कि सिटी कोतवाली में दर्ज अपराध क्रं 411/2019, जो कि सात साल पुराना



मामला है। इस मामले में कभी किसी भी कांग्रेस कार्यकर्ता को कोई सूचना या नोटिस पुलिस द्वारा नहीं दिया गया था, ना ही कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता अपराधिक प्रकृति के हैं, ना किसी का कोई आपराधिक रिकॉर्ड है। ऐसे में इन सामान्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा ईनाम घोषित कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को डराना चाहती है। पुलिस सिटी कोतवाली से मात्र 800 फिट दूरी पर जनपद पंचायत हरदा का कार्यालय है, रोजाना जनपद उपाध्यक्ष वहां बैठते हैं। फिर इतनी बड़ी गलती कैसे हुई पुलिस से ? जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं ने बताया कि जैसे ही हमें सूचना मिली कि हमारे जनपद उपाध्यक्ष सहित 16 लोगों पर 3000-3000 हजार का ईनाम घोषित हुआ है। हमनें सभी साथियों को सूचना देकर माननीय जिला न्यायालय हरदा में उपस्थित कराकर उनकी जमानत कराई है। मीडिया के माध्यम से हम जिला प्रशासन को बताना चाहते हैं, पुलिस प्रशासन को राजनीतिक मामलों में द्वेष भावना से काम नहीं करना चाहिए। कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है, हम गरीबों, किसानों सहित अन्य शोषित वर्ग की लड़ाई आगे भी लड़ते रहेंगे। किसी भी कांग्रेस कार्यकर्ता को डरने की जरूरत नहीं है, जिला कांग्रेस कमेटी हर समय आपके साथ खड़ी रहेगी।

### वृद्धजनों के लिए लगाए जा रहे विशेष शिविर

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय विभाग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिले के वृद्ध एवं वरिष्ठजनों के स्वास्थ परीक्षण, योग अभ्यास एवं शारीरिक मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ पर ख्याल आदि कार्यक्रम के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा ने



बताया कि शुक्रवार को वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य के साथ योग शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धजनों को उनकी उम्र एवं स्थिति के अनुसार आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मीनाक्षी चौरसिया की सलाह पर योग प्रशिक्षकों द्वारा योग अभ्यास कराया गया। साथ ही स्वस्थ रहने संबंधित सलाह दी गई। उन्होने जिले के सभी सामान्य वृद्धजन एवं आम नागरिकों से आग्रह किया है कि सभी शिविरों में उपस्थित होकर स्वास्थ सेवाओं का लाभ लें। वृद्धजनों, वरिष्ठों एवं आमजनों के लिए स्थानीय वृद्ध आश्रम में आगामी 19, 20 एवं 26, 27 फरवरी को सुबह 12 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### माहेश्वरी नवयुवती मंडल का चुनाव संपन्न, सुरभि तोषनीवाल बनी अध्यक्ष

**अनोखा तीर, हरदा।** नगर में माहेश्वरी समाज नवयुवती मंडल का चुनाव गुरुवार को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया प्रादेशिक कोषाध्यक्ष श्रीमती उर्मिला सादानी के मार्गदर्शन तथा निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गोपी तोषनीवाल, श्रीमती रेखा मोहता एवं श्रीमती रागिनी तोषनीवाल के सानिध्य में संपन्न हुई। विधान अनुसार



आयोजित बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का चयन किया गया। चुनाव प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूर्ण हुई। नवगठित कार्यकारिणी में श्रीमती वृन्दा राठी को संरक्षिका, श्रीमती सुरभि तोषनीवाल को अध्यक्ष, श्रीमती पलक काबरा को उपाध्यक्ष, श्रीमती निशा सोमानी को सचिव, श्रीमती हर्षिता बांगड़ को कोषाध्यक्ष, श्रीमती सलोनी सादानी को संगठन मंत्री, श्रीमती शिखा चितलांगिया को सांस्कृतिक सचिव तथा श्रीमती नीता मूंदड़ा को प्रचार-प्रसार मंत्री चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती सुरभि तोषनीवाल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंडल की गतिविधियों को और अधिक सशक्त एवं रचनात्मक बनाया जाएगा। उपस्थित सदस्यों ने नवगठित टीम को बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

### विवाह समाराहों में हर्ष फायर प्रतिबंधित

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने जिले में विवाह समारोहों के दौरान बंदूक से हर्ष फायर करने पर रोक लगाई है। उन्होने कहा कि यदि कोई शस्त्र लायसेंसधारी ऐसा करता पाया जाता है तो उसके शस्त्र का लायसेंस तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।

# महिलाओं ने गढ़ा आत्मनिर्भरता का नया स्वरूप, प्रथम बैच का समापन

**बांस शिल्प कार्यशाला...**

**अनोखा तीर, हरदा।**

सिनर्जी संस्थान द्वारा नोडल एजेंसी राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के सहयोग से आयोजित चार सप्ताह की विशेष नये उत्पाद विकास कार्यशाला के प्रथम बैच का आज ग्राम ऊड़ा स्थित सीएफसी केंद्र में समापन हुआ। 16 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक चले इस गहन प्रशिक्षण में क्षेत्र की 30 महिला कारीगरों ने पारंपरिक बांस शिल्प को आधुनिकता के साथ जोड़कर नए आयाम स्थापित किए। समापन समारोह में जिला पंचायत से राधेश्याम जाट एवं शैलेन्द्र सिंह चंदेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रतिभागियों द्वारा तैयार उत्पादों का सूक्ष्म निरीक्षण किया और भविष्य के व्यवसाय हेतु बहुमूल्य सुझाव दिए। राधेश्याम जाट ने कारीगरों को उत्पाद की लागत कम करने के व्यवहारिक तरीके समझाए। उन्होंने जोर दिया कि उत्पाद की गुणवत्ता और फिनिशिंग जितनी बेहतर होगी, बाजार में उसकी उतनी ही अधिक कीमत और मांग बढ़ेगी। शैलेन्द्र सिंह चंदेल ने प्रतिभागियों को मार्केट डिमांड और सीजन के अनुरूप उत्पाद तैयार करने की समझाइश दी। उन्होंने बताया कि किस तरह त्योहारों और बदलते फैशन के अनुसार बांस के उत्पादों में विविधता लाई जा सकती है।



● **नवाचार : ज्वेलरी से लेकर फर्नीचर तक का सफर-** प्रशिक्षक अंकित वर्मा और श्रीमती चंद्रिका के कुशल मार्गदर्शन में महिलाओं ने बांस का ऐसा उपयोग सीखा जो पहले कभी नहीं किया था। कार्यशाला में विभिन्न उत्पादों का निर्माण किया गया जैसे - फैंसी ज्वेलरी में आकर्षक कंगन, कान की बालियां और डिजाइनर जूड़ा पिन। फर्नीचर व डेकोर में मजबूत कुर्सियां, मेज, फ्लावर पॉट ब्रश स्टैंड और की-होल्डर। इको-फ्रेंडली उत्पाद में प्लास्टिक के विकल्प के रूप में बांस की दीवार घड़ियां और दैनिक उपयोगी सामग्री।

● **प्रतिभागियों ने साझा किए अनुभव-** कार्यशाला के दौरान अल्पना भद्रेले, मोनिका गौर, संगीता कैथवास और रूपवती कैथवास सहित अन्य प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण ने उनके हुनर को नई पहचान दी है। अब वे अपने पारंपरिक रोजगार को आधुनिक स्वरूप प्रदान कर आय में वृद्धि करने के लिए तैयार हैं। संस्थान ग्राम एवं शिल्प केंद्र की श्रीमती शिखा जनोरिया ने बताया कि सीएफसी केंद्र पर मशीनों की सहायता से अब कम समय में ज्यादा उत्पादन संभव है। सीएफसी सीडीई अशोक सेजकर ने आगामी योजना साझा करते हुए बताया कि प्रथम बैच की सफलता के बाद, 20 फरवरी 2026 से दूसरे बैच का प्रशिक्षण प्रारंभ होगा। जिसमें अन्य कारीगरों को भी इसी प्रकार का उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा।

● **हम होंगे कामयाब के साथ प्रेरणादायक समापन-** कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा सभी 30 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर श्रीमती शिखा जनोरिया सहित जात्रा पड़ाव और पीलियाखाल के 30 बांस कारीगर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सबसे यादगार क्षण वह रहा जब सभी अतिथियों और कारीगरों ने एक स्वर में हम होंगे कामयाब एक दिन... गीत गाया। इस ऊर्जावान गायन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

### महाशिवरात्रि मेले से पूर्व अवैध शराब के विरूद्ध आबकारी विभाग की सख्त कार्यवाही

● 38 लीटर हाथ भट्टी शराब व 920 किलो महुआ लहान जब्त

अनोखा तीर, हरदा। आगामी महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर चारूवा में आयोजित होने वाले मेले को दृष्टिगत रखते हुए आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरूद्ध सघन छापामार कार्यवाही की गई। आबकारी विभाग के दल ने गुरूवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एएस बघेल व डीएस चौहान के नेतृत्व में जिले के खेड़ीपुरा, टंकी मोहल्ला, चारूवा व हरिपुरा में दबिश दी।

दबिश के दौरान कुल 38 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब व 920 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 9 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जप्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य 99 हजार 600 रुपए है।

# समाधान योजना का दूसरा चरण 28 फरवरी तक

**- एकमुश्त जमा करने पर सरचार्ज में मिलेगी 90 प्रतिशत तक की छूट**

**अनोखा तीर, हरदा।** मप्र सरकार की समाधान योजना 2025-26 का द्वितीय व अंतिम चरण 28 फरवरी तक लागू है। इस दौरान तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया। कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल नहीं हो पाए वे अब द्वितीय चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। श्री गर्ग ने बताया कि मप्र सरकार की समाधान योजना 2025-26 में अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 5 लाख 58 हजार 598 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 553 करोड़ 90 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 267 करोड़ 70 लाख रुपए का सरचार्ज माफ किया गया है।

मप्र सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के द्वितीय चरण में सरचार्ज में 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

**समाधान योजना 2025-26 एक नजर में-** समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है।

यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में द्वितीय और अंतिम चरण 01 फरवरी से शुरू हो चुका है जो कि 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। दूसरे चरण में एक मुश्त भुगतान करने पर 70 से 90 फीसदी तथा किस्तों में भुगतान करने पर 50 से 60 फ़ीसदी तक सरचार्ज माफ किया जा रहा है। समाधान योजना 2025-26 का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल वेबसाइट पर पंजीयन कराना होगा। कंपनी के उपाय एप एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) तथा एमपी ऑनलाइन पर भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। पंजीयन के दौरान अलग-अलग उपभोक्ता श्रेणी के लिए पंजीयन राशि निर्धारित की गई है। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 10 प्रतिशत तथा गैर घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 25 प्रतिशत भुगतान कर पंजीयन कराकर योजना में शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं।

# केन्द्रीय रेल मंत्री से की ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग

**अनोखा तीर, हरदा।**

जनजातीय बहुल बैतूल संसदीय क्षेत्र में रेल एवं बुनियादी ढांचा संबंधी समस्याओं को लेकर केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से संसद भवन नई दिल्ली में विस्तृत बैठक कर क्षेत्र की जनता की आवाज को मजबूती से रखा।

बैतूल में अंडर ब्रिज को शीघ्र स्वीकृति देने की मांग

बैठक की शुरूआत में श्री उइके ने बैतूल शहर में यातायात की सबसे गंभीर समस्या रेल्वे अंडर ब्रिज को सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय बताया। उन्होंने बैतूल-मरामझिरी रेल खंड के किलोमीटर 850/240 पर सदर क्षेत्र में प्रस्तावित अंडर ब्रिज तथा बैतूल रेल्वे माल गोदाम के नागपुर सिरे पर माचना नदी (रामनगर की ओर) स्थित अंडर ब्रिज को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की मांग रखी। उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से कहा कि इन अंडर ब्रिजों के अभाव में शहर रोज जाम से जूझ रहा है, एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाएं बाधित हो रही हैं तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। जबकि दोनों प्रस्ताव मंडल एवं जोनल स्तर से जीएडी स्वीकृति के साथ रेल्वे बोर्ड को भेजे जा चुके हैं।

**मुलताई रेल्वे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग-** श्री उइके ने इसके बाद मुलताई रेल्वे स्टेशन की वर्षो से हो रही उपेक्षा का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि धार्मिक, सामाजिक एवं व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मुलताई नगर को आज भी पर्याप्त रेल ठहराव से वंचित रखा गया है। उन्होंने अमरावती-जबलपुर एक्सप्रेस, ग्रैंड ट्रंक एक्सप्रेस एवं जयपुर-चेन्नई एक्सप्रेस के मुलताई स्टेशन पर ठहराव की मांग रखते हुए कहा कि यह केवल सुविधा नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास का प्रश्न है।

**बैतूल रेल्वे स्टेशन को क्षेत्रीय हब बनाने की मांग-** बैठक में श्री उइके ने बैतूल रेल्वे स्टेशन को क्षेत्रीय



रेल हब के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने श्रद्धा सेतु एक्सप्रेस, पूरी हमसफर एक्सप्रेस, आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस एवं भगत की कोठी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग रखी। साथ ही अमरावती सुपरफास्ट एक्सप्रेस एवं नरखेड़ इंटरसिटी एक्सप्रेस को बैतूल तक विस्तारित करने का प्रस्ताव रखा, जिससे बैतूल सीधे देश के प्रमुख शहरों से जुड़ सके।

**अन्य रेल्वे स्टेशनों की समस्याएं भी रखीं-** श्री उइके ने घोड़ाडोंगरी रेल्वे स्टेशन पर अमरावती-जबलपुर एक्सप्रेस एवं नागपुर-इंदौर एक्सप्रेस के ठहराव की मांग रखी। इसके साथ ही आदिवासी बहुल बरबटपुर एवं ढोढरामोहार रेल्वे स्टेशनों पर पेंचवेली एक्सप्रेस के ठहराव की मांग करते हुए कहा कि इससे दूरदराज के गांवों के लोगों को आवागमन में परेशानी से निजात मिलेगी। श्री उइके ने आमला रेल्वे स्टेशन पर समता एक्सप्रेस, सिकंदराबाद एक्सप्रेस, जयपुर-चेन्नई एक्सप्रेस, मैसूर-जयपुर एक्सप्रेस, सेवाग्राम एक्सप्रेस (सीएमएसटी-नागपुर रूट का आमला तक विस्तार) तथा पूरी-जोधपुर एक्सप्रेस के ठहराव/विस्तार की मांग रखी। उन्होंने कहा कि इन ट्रेनों के ठहराव से आमला सहित आसपास के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के यात्रियों को सीधी और सुगम रेल सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही श्री उइके ने आमला रेल्वे स्टेडियम एवं रेलवे पार्क के नवीनीकरण की मांग उठाते हुए कहा कि यह स्थान स्थानीय खिलाड़ियों, युवाओं और परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन लंबे समय से उपेक्षा का शिकार रहा है। उन्होंने यह भी प्रस्ताव रखा कि आमला में रेलवे की उपलब्ध रिक्त भूमि पर सोलर पावर जनरेशन प्लांट अथवा कोच फैक्ट्री की स्थापना की जाए, जिससे न केवल रेल्वे को लाभ होगा बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। दादाधाम इंटरसिटी बंद होना जनता के साथ अन्याय है। श्री उइके ने नागपुर-भुसावल सुपरफास्ट इंटरसिटी (दादाधाम एक्सप्रेस) के बंद होने को जनता के साथ अन्याय बताते हुए इसके शीघ्र पुनः संचालन की मांग की। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के बंद होने से मुलताई, आमला, बैतूल, घोड़ाडोंगरी, टिमरनी, हरदा, खिरकिया एवं छनेरा के हजारों यात्रियों को रोज परेशानी उठानी पड़ रही है।

### रेल मंत्री का सकारात्मक रुख

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा उठाए गए सभी विषयों को गंभीरता से सुना और संबंधित प्रस्तावों पर रेल्वे बोर्ड एवं अधिकारियों से परीक्षण कर शीघ्र आवश्यक एवं सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### हरदा, खिरकिया, टिमरनी, छनेरा स्टेशनों के स्टॉपेज को लेकर भी उठाई मजबूत मांग

श्री उइके ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष हरदा, खिरकिया, टिमरनी एवं छनेरा रेल्वे स्टेशनों पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की वर्षों से लंबित मांग को भी गंभीरता से रखा। श्री उइके ने कहा कि ये सभी स्टेशन जनजातीय, ग्रामीण एवं कृषि-प्रधान क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं, जहां से बड़ी संख्या में किसान, श्रमिक, विद्यार्थी, नौकरी पेशा लोग एवं व्यापारी प्रतिदिन यात्रा करते हैं। लेकिन पर्याप्त ट्रेनों के ठहराव के अभाव में यात्रियों को अन्य बड़े स्टेशनों तक निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय, धन और श्रम तीनों की हानि होती है। उन्होंने हरदा रेल्वे स्टेशन पर सचखंड एक्सप्रेस एवं कर्नाटक एक्सप्रेस के ठहराव की मांग रखते हुए कहा कि यह स्टेशन क्षेत्रीय व्यापार एवं आवागमन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं खिरकिया रेल्वे स्टेशन पर आसनसोल-अहमदाबाद एक्सप्रेस, जबलपुर-कोयम्बतूर एक्सप्रेस, जैसे प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी गई। इसके अतिरिक्त टिमरनी रेल्वे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने के साथ-साथ पंजाब मेल एक्सप्रेस एवं कामायनी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की गई, जिससे हरदा जिले के ग्रामीण एवं औद्योगिक क्षेत्र को सीधा लाभ मिल सके।

### हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |



-विजय कुमार शर्मा

# महाशिवरात्रि: शिवतत्व के जागरण का महापर्व

महाशिवरात्रि का नाम आते ही जनमानस में एक प्रश्न सहज उठता है कि यह पर्व शिवजी के जन्म से जुड़ा है या उनके विवाह से। लोकपरंपराओं में दोनों मान्यताएं प्रचलित हैं, कहीं इसे शिव विवाह के रूप में मनाया जाता है तो कहीं शिव के प्राकट्य की कथा कही जाती है किंतु शास्त्रीय और दार्शनिक दृष्टि से महाशिवरात्रि का महत्व इन दोनों सीमाओं से कहीं अधिक व्यापक और गूढ़ है। यह केवल एक ऐतिहासिक घटना का स्मरण नहीं, बल्कि शिवतत्व के जागरण की रात्रि है, आत्मचेतना को प्रकाशित करने का अवसर है, और सृष्टि के मूल रहस्य को समझने की साधना है। शिवपुराण में वर्णित लिंगोद्भव की कथा इस रात्रि के मूल अर्थ को स्पष्ट करती है। कहा गया है कि एक समय ब्रह्मा और विष्णु में श्रेष्ठता को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ। उसी क्षण उनके सामने एक अनंत अग्निस्तंभ प्रकट हुआ जिसका न आदि दिखाई देता था न अंत। ब्रह्मा हंस बनकर ऊपर की ओर चले और विष्णु वराह बनकर नीचे की ओर, किंतु किसी को भी उस ज्योति का छोर नहीं मिला। अंतत: दोनों ने स्वीकार किया कि यह अनंत प्रकाश ही परम सत्य है। यही अनंत ज्योति शिव के रूप में प्रतिष्ठित हुई और आगे चलकर शिवलिंग के रूप में पूजित होने लगी। इसी घटना को महाशिवरात्रि की रात्रि माना गया। इसलिए यह दिन शिव के जन्म का नहीं, बल्कि उनके अनादि अनंत स्वरूप के साक्षात्कार का प्रतीक है। लोकमान्यता में महाशिवरात्रि को शिव और पार्वती के विवाह से भी जोड़ा जाता है। हिमालय की पुत्री पार्वती ने कठोर तपस्या कर शिव को पति रूप में प्राप्त किया। यह कथा शिव और शक्ति के मिलन का प्रतीक है। कई स्थानों पर इस दिन विवाह की झांकियां सजाई जाती हैं, बारात निकाली जाती है और विवाहोत्सव मनाया जाता है। यह परंपरा इस तथ्य को रेखांकित करती है कि शिव बिना शक्ति के और शक्ति बिना शिव के अधूरी है। दोनों का मिलन ही सृष्टि के संचालन का आधार है। किंतु यह भी एक प्रतीकात्मक व्याख्या है, जिसका उद्देश्य दार्शनिक सत्य को सरल लोक रूप में प्रस्तुत करना है। दर्शन की दृष्टि से महाशिवरात्रि उस मौन, गहन और आध्यात्मिक रात्रि का संकेत है जब सृष्टि के आरंभ से पूर्व केवल शिवतत्व की नि:शब्द उपस्थिति थी। शिव का अर्थ ही है कल्याणकारी चेतना। जब समस्त क्रियाएं, विचार और विक्षेप शांत हो जाते हैं, तब भीतर वही शिवतत्व जागृत होता है। महाशिवरात्रि का उपवास,



रात्रि जागरण, जप और ध्यान इसी जागरण की प्रक्रिया है। यह साधक को बाहरी संसार से हटाकर भीतर की यात्रा पर ले जाता है। इस रात्रि का महत्व इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह अमावस्या से पूर्व की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी होती है। चंद्रमा इस दिन अत्यंत क्षीण अवस्था में होता है। चंद्र मन का प्रतीक है। जब मन की चंचलता न्यूनतम होती है, तब ध्यान और साधना के लिए सर्वश्रेष्ठ अवसर प्राप्त होता है। शिव के मस्तक पर स्थित चंद्रमा यह संदेश देता है कि मन को नियंत्रित कर ही शिवतत्व को अनुभव किया जा सकता है। इसलिए इस रात्रि में ध्यान और जप का विशेष महत्व बताया गया है। महाशिवरात्रि केवल पूजा अनुष्ठान का दिन नहीं, बल्कि जीवन के गहरे सत्य को समझने का अवसर है। शिवलिंग की पूजा का अर्थ किसी आकृति की उपासना नहीं, बल्कि उस निराकार, अनंत और असीम चेतना का स्मरण है जो हर कण में व्याप्त है। जलाभिषेक का अर्थ है अपने अहंकार को शीतल करना। बिल्वपत्र अर्पण का अर्थ है तीन गुणों सत्व, रज और तम को संतुलित करना। धतूरा और भस्म यह संकेत देते हैं कि जीवन के विष और वैराग्य को स्वीकार कर ही आत्मज्ञान प्राप्त होता है। महाशिवरात्रि का संदेश अत्यंत सरल किंतु गहरा है। यह हमें बाहरी उत्सव से अधिक आंतरिक उत्सव की ओर ले जाती है। यह बताती है कि शिव कहीं बाहर नहीं, हमारे भीतर ही विद्यमान हैं। जागरण का अर्थ पूरी रात जागना भर नहीं, बल्कि अज्ञान से ज्ञान की ओर जागना है। उपवास का अर्थ केवल भोजन त्यागना नहीं, बल्कि इंद्रियों के आकर्षण से स्वयं को विरत करना है। इस प्रकार महाशिवरात्रि को केवल शिव जन्म या शिव विवाह तक सीमित करना इसके वास्तविक अर्थ को छोटा करना है। यह पर्व शिव के अनंत स्वरूप के प्राकट्य की स्मृति है, शिव और शक्ति के दिव्य संतुलन का प्रतीक है, और साधक के भीतर शिवतत्व के जागरण का अवसर है। यह वह रात्रि है जब मन शांत होता है, आत्मा जागती है और साधक अपने भीतर के शिव से साक्षात्कार करने की दिशा में अग्रसर होता है। महाशिवरात्रि इसलिए महापर्व है क्योंकि यह हमें बाहर की कथा से भीतर की अनुभूति तक ले जाती है। यह हमें याद दिलाती है कि शिव कोई घटना नहीं, एक अनुभव हैं, कोई व्यक्तित्व नहीं, एक चेतना हैं,कोई जन्म या विवाह नहीं, बल्कि अनंत और अविनाशी सत्य हैं। यही इस रात्रि का वास्तविक महत्व है और यही इसकी आध्यात्मिक महिमा।

## मैं सेवक तू मेरा विधाता



फोटो-04

मैं सेवक तू मेरा विधाता,  
मैं सेवक तू मेरा विधाता।  
भक्ति नगर का सुंदर ये नाता,  
मैं सेवक तू मेरा विधाता॥

क्या होती है तेरी भक्ति,  
ये मैं नादान न जाना,  
तेरे एक ही नाम से बाबा,  
दुनिया ने मुझको पहचाना।  
कितना प्यारा, कितनी सुंदर,  
तू मेरा भाग्य बनाता ॥  
मैं सेवक तू मेरा विधाता॥

भोर की लाली में बाबा,  
कलियों में भाव समाता,  
तेरी गलियों में जो खो जाए,  
वो अपने भाग जगाता ।।  
मेरी मंज़िल तू ही जैसे,  
हर कदम तुझको पाता॥  
मैं सेवक तू मेरा विधाता॥

मन मेरा एक मंदिर हो जैसे,  
तू इसमें रहता है ऐसे,  
हर धड़कन में नाम तेरा,  
गीत तेरे ही गाए जैसे।  
कितने सुंदर, कितने प्यारे,  
तू भाव जगाता दाता॥  
मैं सेवक तू मेरा विधाता॥

मन दर्शन का अभिलाषी,  
हृदय बन जाए काशी,  
गंगा लहरें चरणों में तेरे,  
शीश झुके अविनाशी।  
डमरू की जब गूँज सुनूँ मैं,  
मन में बहारें लाता॥  
मैं सेवक तू मेरा विधाता॥

बन जाऊँ तेरे गले की माला,  
या बन जाऊँ तेरी मृगछाला,  
डम-डम डमरू सा बजूँ तेरे हाथों में,  
भाग्य हो मेरा कितना निराला।  
हर मोड़, हर गली में बाबा,  
गाऊँ तेरी ही गाथा॥  
मैं सेवक तू मेरा विधाता॥

नटराज की भोली मुद्रा,  
मन को बहुत लुभाती,  
मस्त मलंग तू गोरा संग,  
बारात तेरी सज जाती।  
भूत, गण, देव सभी मिलकर,  
पुष्प बरसाते दाता॥  
मैं सेवक तू मेरा विधाता॥

महाशिवरात्रि की पावन बेला,  
जागे मन में ज्योति निराली,  
उपवास, रुद्राभिषेक में बाबा,  
रात अचल मन साधे ताली।  
अर्धनारीश्वर रूप का ध्यान धरूँ मैं,  
अमृत रस बरसाता दाता॥  
मैं सेवक तू मेरा विधाता॥

हर क्षण हर पल ध्यान तेरा,  
भक्ति गीत मैं गाता,  
झूम-झूम कर मन मेरा बाबा,  
तेरी शरण में आता।  
ब्रह्मा विष्णु भी शीश झुकाएँ,  
मैं भी शीश नवाता॥  
मैं सेवक तू मेरा विधाता॥

जब माया का परदा हट जाए,  
सत्य स्वरूप दिखाता,  
अहं मिटे और जीव शिव हो,  
भेद सभी मिट जाता।  
'मैं' भी तुझमें, 'तू' भी मुझमें,  
एक तत्व रह जाता-  
मैं सेवक तू मेरा विधाता

**-नितिन कुवादे**  
**झिरन्या जिला खरगोन मध्यप्रदेश**

# वैलेंटाइन डे: प्रेम का विकृतिकरण या भारतीय संस्कृति पर नियोजित आघात?

**आज की 'डे संस्कृति' मानवीय भावनाओं का बाजार बन चुकी है। पाश्चात्य संस्कृति 'यूज़ एंड थ्रो' (उपयोग करो और फेंक दो) के सिद्धांत पर चलती है, जिसके कारण वहां संबंध टिकते नहीं और विभक्त होने की दर अत्यधिक है। आज का 'वैलेंटाइन' कल द्वेष में बदला हुआ होता है। क्षणिक सुख के लिए जीवन को नष्ट करने वाली इस विकृत संस्कृति की भारतीयों को कोई आवश्यकता नहीं है। इसके विपरीत, भारतीय संस्कृति 'त्याग और समर्पण' का पाठ पढाती है। यहां पति-पत्नी का संबंध केवल शारीरिक आवश्यकताओं पर आधारित नहीं, अपितु उसे 'सात जन्मों का पवित्र साथ' माना जाता है।**

**-श्रीमती कृतिका खत्री**  
सनातन संस्था, दिल्ली

भारतीय संस्कृति त्याग, संयम और साधना की विरासत को बताने वाली महान संस्कृति है। यहां प्रत्येक पर्व और उत्सव के पीछे एक गहन आध्यात्मिक शास्त्र निहित है। दुर्भाग्यवश, आज की युवा पीढ़ी पाश्चात्यों के अंधानुकरण के कारण 'वैलेंटाइन डे' जैसी अवधारणाओं के जाल में फंसती जा रही है। यह केवल एक 'दिन' नहीं है, अपितु भारतीय परिवार व्यवस्था पर, नैतिक मूल्यों पर तथा हिंदू धर्म पर हो रहा एक वैचारिक और सांस्कृतिक आक्रमण है।

**देहबुद्धि का परिष्करण या आत्मबुद्धि का जागरण :** पाश्चात्यों की 'वैलेंटाइन डे' की अवधारणा पूर्णतः 'देहबुद्धि' पर आधारित है। इसमें केवल शारीरिक आकर्षण और इंद्रियसुख को अस्वाभाविक महत्व दिया जाता है। जिसे आज की पीढ़ी प्रेम कहती है, वह वास्तव में क्षणभंगुर 'वासना' है। इसके विपरीत, भारतीय संस्कृति 'आत्मबुद्धि' सिखाती है। हिंदू धर्म ने 'प्रीति' का उपदेश दिया है। प्रीति अर्थात् निरपेक्ष प्रेम ! जो शरीर को देखकर नहीं, अपितु सामने वाले व्यक्ति में स्थित ईश्वर (आत्मतत्त्व) को देखकर किया जाता है, वही शाश्वत होता है। वैलेंटाइन डे केवल वासना का परिष्करण करता है, जबकि हिंदू धर्म संयम के माध्यम से ब्रह्मानंद की ओर ले जाता है।

**हिंदू धर्म पर सांस्कृतिक और नैतिक आघात :** 'वैलेंटाइन डे' निमित्त भारतीय बाजार में पाश्चात्य कंपनियों का करोड़ों रुपए का अर्थकारण छिपा हुआ है। किंतु इस आर्थिक लूट से भी अधिक भयानक है हमारी 'सांस्कृतिक लूट'। इस दिन सार्वजनिक स्थानों पर होने वाला स्वेच्छाचार हिंदुओं के 'लज्जारक्षण' के मूल्य पर कुठाराघात करने वाला है। 'वैलेंटाइन डे' के नाम पर युवा पीढ़ी को व्यसनाधीनता और अनैतिकता के गर्त में ढकेला जा रहा है। जिस भूमि में संयम और ब्रह्मचर्य के महत्व का उपदेश दिया जाता है, वहां ऐसी 'डे' संस्कृति का महिमामंडन होना, हिंदू धर्म के मूल सिद्धांतों पर एक बड़ा आघात है। यह एक प्रकार की 'वैचारिक गुलामी' है, जो युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से काटने का कार्य कर रही है।

**365 दिनों का संबंध या एक दिन का नाटक? :** पाश्चात्य देशों में जहां




परिवार व्यवस्था बिखर गई है, वहां संबंधों की याद दिलाने के लिए 'डे' मनाने पड़ते है। हमारी संस्कृति 'वसुधैव कुटुम्बकम' को मानने वाली है। हमें प्रेम के लिए किसी एक दिन के मुहूर्त की आवश्यकता नहीं है। माता-पिता, भाई-बहन, गुरु, राष्ट्र और धर्म के प्रति श्वास के साथ, प्रत्येक क्षण में निरपेक्ष प्रेम करना यही हमारी शिक्षा है। एक गुलाब के फूल में प्रेम की परिभाषा को सीमित करना, मूलतः प्रेम का ही अपमान है। हिंदू धर्म में संबंध 'कॉन्ट्रैक्ट' नहीं, अपितु 'संस्कार' हैं।

**'यूज़ एंड थ्रो' संस्कृति बनाम सात जन्मों का बंधन:** आज की 'डे संस्कृति' मानवीय भावनाओं का बाजार बन चुकी है। पाश्चात्य संस्कृति 'यूज़ एंड थ्रो' (उपयोग करो और फेंक दो) के सिद्धांत पर चलती है, जिसके कारण वहां संबंध टिकते नहीं और विभक्त होने की दर अत्यधिक है। आज का 'वैलेंटाइन' कल द्वेष में बदला हुआ होता है। क्षणिक सुख के लिए जीवन को नष्ट करने वाली इस विकृत संस्कृति की भारतीयों को कोई आवश्यकता नहीं है। इसके विपरीत, भारतीय संस्कृति 'त्याग और समर्पण' का पाठ पढाती है। यहां पति-पत्नी का संबंध केवल शारीरिक आवश्यकताओं पर आधारित नहीं, अपितु उसे 'सात जन्मों का पवित्र साथ' माना जाता है।

**आनंद की सच्ची परिभाषा :** भोग या त्याग - अध्यात्मशास्त्र बताता है कि सुख उपभोग में नहीं, अपितु त्याग में है। युवा पीढ़ी को लगता है कि महंगे होटलों में जाना या पब में पार्टिया करना ही आनंद है; लेकिन यह आनंद 'राजसिक-तामसिक' स्वरूप का होता है और उसका अंत अंततः दुःख में ही होता है। इसके विपरीत, साधना से प्राप्त होने वाला 'आनंद' सात्त्विक होता है। माता-पिता के चरणों में नतमस्तक होकर जो 'सात्त्विक संतोष' प्राप्त होता है, वह पाश्चात्य उत्सवों में कभी नहीं मिल सकता। इसलिए हमें 'वैलेंटाइन डे' के स्थान पर 'मातृ-पितृ पूजन दिन' मनाकर अपनी संस्कृति की रक्षा करनी चाहिए।

**'कृति' और 'साधना' ही समय की आवश्यकता:** केवल विरोध करने से काम नहीं चलेगा, हमें 'कृति' करनी होगी। सनातन संस्था स्वधर्म के अभिमान को जागृत करने का कार्य करती है। युवाओं को पाश्चात्य विकृतियों का शिकार न बनते हुए धर्माचरण करना चाहिए। जब हम साधना करते हैं, तभी हमें सच्चे और झूठे प्रेम के बीच का अंतर समझ में आता है। हमारे भीतर 'प्रेमभाव' को बढ़ाने के लिए ईश्वर-भक्ति आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर ही प्रेम का वास्तविक स्रोत है।

**भारत को चाहिए 'राधा-कृष्ण' वाला आत्मिक प्रेम ! :** हमारा विरोध प्रेम से नहीं है, अपितु प्रेम के नाम पर चल रहे 'स्वेच्छाचार' और 'धर्म पर हो रहे आघात' से है। भारत को आज 'रोमियो-जूलियट' के विकृत और आत्मघाती प्रेम की नहीं, अपितु श्रीकृष्ण और राधा के 'आत्मिक' और 'दिव्य' प्रेम की आवश्यकता है। युवा पीढ़ी द्वारा इस सांस्कृतिक आक्रमण को पहचानकर अपनी महान हिंदू संस्कृति का पालन करना ही राष्ट्ररक्षा की पहली सीढ़ी है।

**संपर्क - 99902 27769**

# जेन-जेड की डिजिटल दुनिया...

**सुरेश सेठ**

दुनियाभर में युवाओं की नई पौध कहीं अधिक प्रखर और त्वरित कदमों से आगे बढ़ने वाली पीढ़ी है। सोशल मीडिया और स्मार्टफोन के दौर की इस पीढ़ी को आजकल 'जेन-जेड' कहा जा रहा है। यही वह नई युवा शक्ति है, जो अपने-अपने देशों में अन्याय और विसंगतियों के विरुद्ध खड़ी हो रही है। कुछ समय पहले पूरी दुनिया ने नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश में उन प्रदर्शनों को देखा, जिनमें हजारों युवा सड़कों पर उतर आए थे। उस समय ऐसा लगा कि बहुत कुछ बदल जाएगा। जो विसंगतियां हैं, अब वे खत्म होंगी। चाहे वह भ्रष्टाचार हो या नेताओं का परिवारवाद या फिर महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्या। मगर ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला और इन



देशों में ढर्रा वही रहा, जो पहले था। सत्ता परिवर्तनों के बावजूद कोई खास बदलाव सामने नहीं आया।

नई युवा शक्ति का असमानता और अन्याय के खिलाफ उठ खड़ा होना उन देशों के लिए असरदार हो सकता है, जहां स्थिति सचमुच बेहद खराब है और जहां अर्थव्यवस्था जर्जर हो रही है। मगर दिक्कत यह है कि कृत्रिम मेधा और सोशल मीडिया से प्रभावित यह पीढ़ी तत्काल सब कुछ दुरुस्त कर लेना चाहती है। मगर सच तो यह है कि अचानक सड़कों पर उतर जाने से रातों-रात व्यवस्था नहीं बदल जाती। यह पीढ़ी अपनी ताकत का धैर्य और सकारात्मक तरीके से इस्तेमाल करे, तो दुनिया में जो बदलाव वे चाहते हैं, वह संभव हो सकता है।

**महाशिवरात्रि ( ऋषि बोधोत्सव) पर विशेष**



-डॉ. सुधाकर आशावादी

# आज भी प्रासंगिक हैं महर्षि दयानंद

**धार्मिक आडंबर एवं पाखंड के चलते आम आदमी तर्क की कसौटी पर सामाजिक व धार्मिक व्यवस्थाओं को परख नहीं पाता तथा किसी व्यक्ति या विचार का अंधानुकरण करने लगता है। उसकी स्थिति उस अंध भेड़ जैसी होती है, जिसे केवल भीड़ का हिस्सा बने रहने में संतुष्टि मिलती है। ऐसी स्थिति में महर्षि दयानंद की शिक्षाएं ही देश को सही दिशा प्रदान कर सकती है। गुजरात के टंकारा गांव में जन्मे बालक मूल शंकर के महर्षि दयानंद बनने का सफर फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी महाशिवरात्रि पर्व की उस रात्रि से प्रारंभ हुआ, जब अपने पिता की आज्ञा से बालक मूल शंकर ने व्रत रखकर गांव के शिवालय में रात्रि जागरण किया।**

समाज में भिन्न-भिन्न प्रकार से जातीय विभेद उत्पन्न किए जाने से उपजी समस्याओं का एकमात्र निदान युगपुरुष महर्षि दयानन्द की शिक्षाएं हैं, जिनका अनुपालन करके व्यक्ति सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःख भाग्भवेत की भावना से मानव जाति के कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। महर्षि दयानन्द सरस्वती ने जिस तार्किक आधार पर मानव मात्र की भलाई के लिए आर्यसमाज की स्थापना की, उस आधार पर देश में जातीय संकीर्णता को समाप्त कर कल्याणकारी समाज की रचना की जा सकती है। सर्व विदित है कि भारतीय समाज में विघटन व बिखराव का एक बड़ा कारण अन्धविश्वास एवं पाखंड है। धार्मिक आडंबर एवं पाखंड के चलते आम आदमी तर्क की कसौटी पर सामाजिक व धार्मिक व्यवस्थाओं को परख नहीं पाता तथा किसी व्यक्ति या विचार का अंधानुकरण करने लगता है। उसकी स्थिति उस अंध भेड़ जैसी होती है, जिसे केवल भीड़ का हिस्सा बने रहने में संतुष्टि मिलती है। ऐसी स्थिति में महर्षि दयानंद की शिक्षाएं ही देश को सही दिशा प्रदान कर सकती है। गुजरात के टंकारा गांव में जन्मे बालक मूल शंकर के महर्षि दयानंद बनने का सफर फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी महाशिवरात्रि पर्व की उस रात्रि से प्रारंभ हुआ, जब अपने पिता की आज्ञा से बालक मूल शंकर ने व्रत रखकर गांव के शिवालय में रात्रि जागरण किया। मन में श्रद्धा भाव लिए वह भगवान शिव के ध्यान में मग्न थे, कि उन्होंने देखा कि एक मूषक शिव की पिंडी पर चढ़ाए गए प्रसाद को खा रहा है। मूल शंकर के मन में प्रश्न उपजा कि जो शिव चूहे से अपनी रक्षा नहीं कर सकते, वह भला सच्चे शिव कैसे हो सकते हैं। मूल शंकर ने तभी सच्चे शिव की खोज का प्रण लिया तथा सत्य की खोज में निकल पड़े। तदुपरांत उन्हें मथुरा में जन्मांध गुरु विरजानंद जी से शिक्षा दीक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला, जिन्होंने उन्हें वेदों व संस्कृत का ज्ञान दिया तथा समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित किया। वेदों के प्रचार और समाज सुधार के उद्देश्य से 10 अप्रैल 1875 को महर्षि दयानंद सरस्वती ने बम्बई में आर्य समाज की स्थापना की। बाद में वर्ष 1877 में इसका मुख्यालय लाहौर में स्थानांतरित कर दिया गया तथा देश भर में आर्य समाज का विस्तार हुआ। मानव कल्याण के उद्देश्य से तर्कसंगत जीवन शैली अपनाने के लिए आर्य समाज ने दस नियम बनाए, जिसमें



पहला नियम था - सब सत्य विद्या और जो पदार्थ विद्या से जाने जाते हैं, उनका आदिमूल परमेश्वर है। संसार को चलाने वाली परम शक्ति की अवधारणा में दूसरा नियम है - ईश्वर सच्चिदानंद स्वरूप, निराकार, सर्वशक्तिमान, न्यायकारी, दयालु, अजन्मा, अनन्त, निर्विकार, अनादि, अनुपम, सर्वाधार, सर्वेश्वर, सर्वव्यापक, सर्वान्तर्यामी, अजर, अमर, अभय, नित्य, पवित्र और सृष्टिकर्ता है, उसी की उपासना करने योग्य है। ज्ञान के भंडार वेदों के संबंध में कहा गया - वेद सब सत्य विद्याओं की पुस्तक है। वेद का पढ़ना पढ़ाना और सुनना सुनाना सब आर्यों का परम धर्म है। जीवन एवं सत्य की उपयोगिता के सन्दर्भ में स्पष्ट किया गया कि सत्य को ग्रहण करने और असत्य को छोड़ने के लिए सर्वदा उद्यत रहना चाहिए। सब कार्य धर्मानुसार अर्थात सत्य और असत्य को विचार करके करने चाहिए। सर्वमंगल कामना करते हुए नियम बनाया गया, कि संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश्य है अर्थात शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना। सामाजिक समरसता की दृष्टि से कहा गया, कि सबसे प्रीतिपूर्वक धर्मानुसार यथायोग्य व्यवहार करना चाहिए। अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करनी चाहिए। सबका साथ और सबका विकास की भावना से जुड़ा नियम कि प्रत्येक को अपनी ही उन्नति से संतुष्ट नहीं रहना चाहिए, वरन सबकी उन्नति में ही अपनी उन्नति समझनी चाहिए, आज सर्वाधिक प्रासंगिक है। स्वस्थ लोकतांत्रिक परम्पराओं के निर्वहन में आर्य समाज का नियम महर्षि दयानन्द की दूरगामी दृष्टि का परिचायक है, कि सब मनुष्यों को सामाजिक सर्वहितकारी नियम पालने परतंत्र रहना चाहिए और प्रत्येक हितकारी नियम में सब स्वतंत्र रहें। कहना गलत न होगा कि स्वस्थ लोकतंत्र एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए युग निर्माता महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षा से देश की सभी समस्याओं का निदान संभव है।




मंत्री श्री शाह ने माखन दादा एवं सुभद्रा बाई चौहान को भी याद किया

# पढ़ो निश्चिंत होकर, जिम्मेदारी हमारी: मंत्री शाह

• कन्या महाविद्यालय छात्रोत्सव में घोषणाओं की झड़ी • बस सुविधा व शेड निर्माण का ऐलान

**अनोखा तीर, खंडवा।** छात्राओं के उत्साह और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच आयोजित छात्रोत्सव पंख में प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने स्पष्ट संदेश दिया कि विद्यार्थी पूरी तन्मयता से पढ़ाई करें, उनकी उच्च शिक्षा और सुविधाओं की जिम्मेदारी सरकार निभाएगी। समाज सेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित हुआ, जहां जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों की मौजूदगी में मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं।

**शिक्षा पर फोकस, सुविधाओं का भरोसा :** मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने छात्राओं को आश्वस्त किया कि उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

**बस सुविधा और शेड निर्माण की घोषणा :** कार्यक्रम में मंत्री शाह ने कॉलेज के लिए दो वाटर कूलर स्वीकृत करने की घोषणा की। साथ ही छात्राओं के आवागमन को सुगम बनाने हेतु बस सुविधा शुरू करने का ऐलान किया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मंत्री श्री शाह ने महाविद्यालय परिसर में सांस्कृतिक व वार्षिक आयोजनों के लिए स्थायी शेड निर्माण भी कराये जाने की घोषणा की।

**प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग की तैयारी :** मंत्री श्री शाह ने कहा कि खंडवा के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर अवसर दिलाने के लिए कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे प्रशासनिक व अन्य सेवाओं में चयनित होकर जिले का नाम रोशन कर सकें। शाह ने अपने उत्पादन में सर्वप्रथम माखनलाल चतुर्वेदी जी एवं सुभद्रा बाई चौहान का भी उल्लेख किया उपस्थित जनों से कहा कि हमें हमारे महापुरुषों को भी याद रखना है। आयोजीत कार्यक्रम में महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि एक शिक्षित महिला दो परिवारों का भविष्य संवारती है। हमें अच्छी पढ़ाई के साथ हमारे संस्कारों को भी सदैव याद रखना है। विधायक कंचन मुकेश तनवे ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर छात्रोंत्सव की छात्राओं एवं उपस्थित जनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य विनय जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया छात्र संघ प्रभारी डॉ. सीमा कदम ने छात्राओं की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मंत्री विजय शाह के साथ महापौर अमृता यादव, विधायक कंचन मुकेश तनवे, एमआईसी सदस्य राजेश यादव हरसुद विद्यालय के अध्यक्ष, प्रवक्ता सुनील जैन मंगल यादव, गोपाल सोनी शरद जैन, प्राचार्य विनय जैन एवं समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी। मंत्री श्री शाह की घोषणाओं के बीच छात्राओं में उत्साह दिखाई दिया और कार्यक्रम तालियों की गूंज के साथ संपन्न हुआ।

## सार-समाचार

### चंद्र मिशन की रिसर्च टीम में खंडवा की अनुष्का

**अनोखा तीर, खंडवा।** चाँद पर इंसानी बस्ती बसाने का सपना अब केवल कल्पना नहीं रह गया है। इस दिशा में युवा वैज्ञानिकों की एक टीम गंभीरता से शोध कर रही है। यह टीम केवल चंद्रमा तक पहुंचने की तकनीक पर नहीं, बल्कि वहां मानव जीवन की व्यावहारिक और मनोवैज्ञानिक चुनौतियों पर काम कर रही है। इस शोध दल में खंडवा की अनुष्का राठौर भी शामिल हैं। अनुष्का राठौर का कहना है, चंद्रमा तक पहुंचना एक इंजीनियरिंग चुनौती है, लेकिन वहां रहना एक मानवीय चुनौती है। वे




यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न से बायोटेक्नोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएट हैं और स्पेस वुमन एम्पावरमेंट काउंसिल की बोर्ड सदस्य हैं। वे अंतरिक्ष यात्री नहीं हैं, लेकिन चंद्रमा की परिस्थितियों का आभासी अनुभव लेकर उस पर शोध कर रही हैं। गुजरात के कच्छ स्थित धोलावीरा में देश का पहला नागरिक एनालॉग स्पेस मिशन संचालित किया गया है। कच्छ का रण अपनी भौगोलिक बनावट के कारण चंद्र सतह से काफी मिलता-जुलता माना गया है। पिछले एक सप्ताह से यह क्षेत्र अंतरिक्ष अनुसंधान के परीक्षण स्थल के रूप में कार्य कर रहा है। इस मिशन में अनुष्का ने हेल्थ ऑफिसर के रूप में ह्यूमन फैक्टर्स और बिहेवियरल पहलुओं पर कार्य किया। उनका दायित्व सीमित स्थान और एकाकीपन की स्थिति में दल के मानसिक संतुलन, निर्णय क्षमता और सामंजस्य को बनाए रखना था। थकान, तनाव और व्यवहारिक परिवर्तनों की निगरानी कर उन्होंने दल की कार्यक्षमता सुनिश्चित की। यह मिशन केवल एक सिमुलेशन नहीं, बल्कि भविष्य की तैयारी का संकेत है। अंतरिक्ष क्षेत्र में आगे बढ़ते भारत के लिए यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिससे चंद्रमा पर संभावित मानव बस्ती की दिशा में ठोस आधार तैयार हो सके।

### 14 मार्च को होगी नेशनल लोक अदालत

**अनोखा तीर, खंडवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए वर्ष 2026 में चार नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा। वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को आयोजित होगी। इसके बाद 9 मई, 12 सितंबर और 12 दिसंबर 2026 को भी नेशनल लोक अदालतें आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने विभागों से जुड़े अधिकाधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण के लिए अभी से आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें। नेशनल लोक अदालत में सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत मामले, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक एवं श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, विद्युत, जलकर और संपत्तिकर बिल संबंधी प्रकरण, सेवा निवृत्ति लाभ से जुड़े मामले, राजस्व तथा अन्य राजीनामा योग्य प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाता है।

### सेहजला में विद्यालय विकास और मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण का भूमि पूजन

**अनोखा तीर, खंडवा।** अच्छी शिक्षा और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। ग्राम सेहजला में विद्यालय विकास कार्यों एवं मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण के भूमि पूजन अवसर पर




विधायक कंचन मुकेश तनवे ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में विकास कार्यों के साथ शिक्षा क्षेत्र में भी विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। बेहतर शिक्षा के लिए विद्यालयों का निर्माण, अतिरिक्त कक्ष और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेहजला में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया। विद्यालय में फिजिक्स लैब के लिए 19.66 लाख रुपए, केमिस्ट्री लैब के लिए 20.41 लाख रुपए और बायोलॉजी लैब के लिए 19.66 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण के लिए 15 लाख रुपए की राशि से कार्य प्रारंभ किया गया। विधायक तनवे ने कहा कि नई प्रयोगशालाएं विद्यार्थियों को विज्ञान विषयों की प्रायोगिक शिक्षा में सहायक होंगी, जिससे उनका भविष्य सशक्त बनेगा। उन्होंने मुक्तिधाम के सुव्यवस्थित और सुंदर होने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

• 2.41 लाख का घोटाला • भ्रष्टाचार का खुलासा • शिकायत दबाने में अफसरों की भूमिका संदिग्ध

# मनरेगा - फर्जी हाजिरी का खेल

*कसरावद की ग्राम पंचायत बिठेर में मनरेगा योजना का सच चौंकाने वाला मामला सामने आया है जहां मनरेगा के कार्य में कागजों में 132 मजदूर काम करते दिखाए लेकिन जमीन पर एक भी नहीं दिखा, और लाखों रुपए निकाल लिए गए। शिकायत हुई तो कार्रवाई के बजाय मामला ही दबा दिया गया। जांच अधिकारी ने भी सच्चाई छुपाकर गलत प्रतिवेदन दे दिया। शिकायतकर्ता ने कलेक्टर से मांग की है कि यदि जांच अधिकारी दोषी पाया जाए तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई हो, ताकि सच सामने आ सके।*




• कलेक्टर को किया गुमराह
• जांच अधिकारी पर कार्रवाई की मांग

**अनोखा तीर, खरगोन।** जिले की कसरावद जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बिठेर में मनरेगा योजना के तहत कथित भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता निसार खान द्वारा किए गए स्थल निरीक्षण में सरकारी रिकॉर्ड और वास्तविक स्थिति में चौंकाने वाला अंतर उजागर हुआ। अभिलेखों में 132 मजदूरों की उपस्थिति दर्शाई गई, जबकि मौके पर एक भी मजदूर मौजूद नहीं था। जांच में सामने आया कि 28 जुलाई से 3 अगस्त 2025 के बीच बने 14 मस्टर रोल में एनएमएमएस नियमों का उल्लंघन करते हुए केवल एक फोटो अपलोड कर हाजिरी दर्शाई गई और पुरानी तस्वीरों का पुनः उपयोग कर फर्जी उपस्थिति दर्ज की गई। आरोप है कि इस सुनियोजित तरीके से 2,41,164 की राशि का गबन किया गया। मामले में पंचायत सचिव, जीआरएस, सहायक यंत्री और सरपंच की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। शिकायतकर्ता ने साक्ष्यों सहित सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन बिना पक्ष सुने ही शिकायत को शिकायतकर्ता संतुष्ट बताकर बंद कर दिया गया। आरोप है कि शिकायतकर्ता के मोबाइल पर ओटीपी लेकर जबरन शिकायत समाप्त कराई गई, जो पूरे सिस्टम के दुरुपयोग की ओर इशारा करता है। केवल पंचायत स्तर के आरोपियों पर एफआईआर दर्ज हो, बल्कि जिस अधिकारी ने शिकायत की जांच कर क्लोज रिपोर्ट लगाई, उसके विरुद्ध भी निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाए, क्योंकि यह प्रकरण प्रशासनिक मिलीभगत की आशंका को भी जन्म देता है।

### दोषियों को निलंबित करो

स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ओर शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि इस मामले में कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो मनरेगा जैसी योजनाओं की पारदर्शिता पर से जनता का भरोसा उठ जाएगा।

### अब नजर प्रशासन पर

मामला उजागर होने के बाद लोगों की निगाहें जिला प्रशासन पर टिक गई हैं। देखना होगा कि यह मामला भी फाइलों में दबता है या सच में जिम्मेदारों पर गाज गिरती है।

# तीन स्वर्ण शक्ति पुरस्कार के साथ एनटीपीसी खरगोन ने बढ़ाया जिले का गौरव

**अनोखा तीर, खरगोन।** विद्युत उत्पादन क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन का परचम लहराते हुए एनटीपीसी की इकाई एनटीपीसी खरगोन ने प्रतिष्ठित इंडियन पावर स्टेशन ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस कॉन्फ्रेंस में तीन स्वर्ण शक्ति पुरस्कार हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। स्टेशन को ओवरऑल चैंपियन श्रेणी में रनर-अप घोषित किया गया, जो परिचालन दक्षता, विश्वसनीयता और प्रबंधन क्षमता के समन्वित प्रदर्शन को दर्शाता है। इसके साथ ही, संयंत्र को स्वर्ण शक्ति पर्यावरण संरक्षण एवं सुधार पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो सतत विकास और पर्यावरणीय दायित्व के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सुरक्षा मानकों के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज करते हुए स्टेशन को स्वर्ण शक्ति सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान संयंत्र




की मजबूत सुरक्षा संस्कृति और सुरक्षित विद्युत उत्पादन के प्रति उसके अटूट संकल्प को रेखांकित करता है। यह पुरस्कार नीरज जलोटा एवं तथा मोहन वी एनटीपीसी खरगोन ने प्राप्त किए। समारोह में ऊर्जा मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल और कंपनी के सीएमडी गुरदीप सिंह ने निदेशक मंडल की उपस्थिति में सम्मान प्रदान किया। यह उपलब्धि नेतृत्व, अनुशासन, तकनीकी दक्षता और कर्मचारियों की सामूहिक टीमवर्क भावना का परिणाम है। एनटीपीसी खरगोन की यह सफलता न केवल उसके प्रदर्शन मानकों को मजबूत करती है, बल्कि विद्युत क्षेत्र में गुणवत्ता, सुरक्षा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के नए मानक भी स्थापित करती है।

## नवकार नगर जैन मंदिर में श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान निर्वाण महोत्सव आज

अभिषेक शांति धारा के साथ श्रद्धालु चढ़ाएंगे निर्वाण लाडू

**अनोखा तीर, खंडवा।** अनंत ज्ञान, अनंत दर्शन, अनंत सुख और अनंत वीर्य के अधिष्ठाता परम पूज्य 20 वें तीर्थंकर मुनिसुव्रत नाथ भगवान के निर्वाण कल्याणक महापर्व के पावन एवं पुण्यप्रद अवसर पर 14 फरवरी शनिवार भगवान मुनीसूव्रत का मोक्ष कल्याणक महापर्व के रूप में मनाया जाएगा समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि शनिवार को प्रातः 7 बजे से नवकार नगर जैन मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान की चमत्कारी प्रतिमा का अभिषेक एवं शांति धारा के पश्चात निर्वाण लाडू चढ़ाया



जाएगा साथ ही मंदिर परिसर में स्थित मानस्तंभ महामस्तकाभिषेक का अत्यंत दिव्य, भव्य एवं भक्तिमय आयोजन आयोजित होगा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज छाबड़ा एवं ट्रस्टीयों ने इस पावन अवसर पर प्रभु के चरणों में भाव, भक्ति और श्रद्धा के साथ जल, चंदन, अक्षत एवं पुष्प अर्पित कर, आत्मशुद्धि एवं मानस्तंभ अभिषेक पुण्यार्जन करने का अनुरोध समाज जनों से किया है। सुनील जैन ने बताया कि इसके साथ ही रविवार 15 फरवरी को भी प्रातः अभिषेक पूजन पश्चात सामूहिक संगीतमय मुनिसुव्रतनाथ मंडल विधान आयोजन का लाभ भी सकल जैन समाज खंडवा की उपस्थिति में संपन्न होगा।

## ग्राम काटकूट में श्रद्धा और उत्साह के साथ महाराजा सूरजमल का मनाया जन्मोत्सव

**अनोखा तीर, काटकूट।** ग्राम काटकूट में शुक्रवार को महाराजा सूरजमल का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह उत्सव राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के तत्वावधान में ग्राम स्थित तेजाजी मंदिर प्रांगण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात उपस्थित समाजजनों ने दादा सूरजमल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने महाराजा सूरजमल के अद्वितीय साहस, कुशल प्रशासन, दूरदर्शिता एवं राष्ट्रहित में उनके योगदान को स्मरण किया।

उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल न केवल एक वीर योद्धा थे, बल्कि एक न्यायप्रिय एवं जनहितैषी शासक भी थे। उनके आदर्श आज भी समाज को एकजुट रहने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा संगठन की शक्ति को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जेपी जाट, हरिराम काला, जगदीश रोज एवं कैलाश जाट ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने युवाओं से इतिहास के गौरव को जानने और समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन विष्णु जाट ने किया। जबकि आभार संतोष चोटिया ने माना। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक पटेल, संभाग अध्यक्ष अशोक मुंडेल, जयसिंह राठी, मंगलेश जाट, राम जाट, चिंताराम जाट, दिनेश जाट, मुकेश जाट, रामेश्वर जाट, रामप्रसाद पटेल, सुभाष जाट, तरुण जाट सहित अनेक वरिष्ठ समाजजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। समारोह के अंत में समाज की एकता, संगठनात्मक विस्तार एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया।



## महाशिवरात्रि पर शिवलिंग एवं भगवान शिव परिवार की होगी प्राण प्रतिष्ठा



**अनोखा तीर, बड़वाह।** आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर महेश्वर रोड स्थित भंडारी ग्रीन कॉलोनी में नवनिर्मित मंदिर में भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग एवं शिव परिवार की प्रतिमाओं की दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा पूजन होगा। आज शनिवार सुबह से यह पूजा पाठ प्रारंभ होगी। कॉलोनी के उद्यान में जनसहयोग से निर्मित आकर्षक मंदिर में कॉलोनी की महिला मंडल द्वारा पिछले अनेक दिनों से व्यापक तैयारिया की जा रही है। महिला मंडल की सदस्यों ने बताया कि 14 फरवरी को सुबह 9 बजे भगवान शिव के शिवलिंग एवं शिव परिवार की प्रतिमाओं को ढोल धमाकों के साथ कॉलोनी में भ्रमण करवा कर मंदिर में लाया जाएगा। जिसके पश्चात मंदिर में दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का पूजन अर्चन एवं हवन का शुभारंभ पंडित गणेश जी तारे के आचार्यत्व में होगा। दूसरे दिवस महाशिव रात्रि के पर्व के दौरान विधि विधान से मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की जावेगी। इस पूजन के बाद फलाहारी प्रसादी का वितरण किया जाएगा। महिला मंडल प्रमुख सदस्यों ने धर्मालुओं से इस दो दिवसीय आयोजन में पधार कर धर्मलाभ लेने की अपील की है।





### गुरवेश्वर महादेव मंदिर में भक्ति और रंगों का संगम

**अनोखा तीर, खरगोन।** महाशिवरात्रि से पूर्व शिव विवाह की रस्मों की औपचारिक शुरुआत 13 फरवरी को गुरव दरवाजा स्थित गुरवेश्वर महादेव मंदिर में की गई। बाबा गुरवेश्वर महादेव को शगुन की हल्दी लगाई गई। महाशिवरात्रि से पूर्व भक्ति, उत्साह और पारंपरिक आस्था का भव्य उत्साह देखने को मिला। मंदिर प्रांगण में महिलाओं ने भोले बाबा के भजन-कीर्तन के साथ हल्दी-मेहंदी एवं गुलाल की होली खेली गई। विशेष रूप से आज भगवान शिव को दूल्हा स्वरूप में सजाया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। श्रीमती रश्मि सवनेर ने बताया कि लोकपरंपरा के अनुसार शिव विवाह से पूर्व बाबा को शगुन की हल्दी चढ़ाई जाती है। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन और आरती से हुई।


# महाशिवरात्रि पर तिलक सिंदूर महादेव में तीन दिवसीय आस्था का महासंगम

### सतपुड़ा की वादियों में उमड़ता है श्रद्धालुओं का सैलाब, सिंदूर अर्पण की अनोखी परंपरा बनती है मुख्य आकर्षण

गजेन्द्र राजपूत

**नर्मदापुरम।** सतपुड़ा की घनी वादियों और प्राकृतिक गुफाओं के बीच स्थित तिलक सिंदूर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष तीन दिवसीय भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। यह मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और लोक परंपराओं का संगम बन जाता है।

- **दूर-दूर से पहुंचते हैं लाखों श्रद्धालु :** महाशिवरात्रि से एक दिन पहले ही मंदिर परिसर और पहाड़ी मार्ग पर श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो जाती है। नर्मदापुरम, इटारसी सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों और अन्य जिलों से लाखों भक्त बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। कई श्रद्धालु पैदल यात्रा कर 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ पहाड़ी मार्ग तय करते हैं।
- **सिंदूर अर्पण की अनूठी परंपरा :** तिलक सिंदूर महादेव की सबसे बड़ी विशेषता यहां की अनोखी परंपरा है। देश के अधिकांश शिवालयों में जहां चंदन, भस्म या रोली से पूजन होता है, वहीं यहां शिवलिंग पर सिंदूर अर्पित किया जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि सच्चे मन से सिंदूर चढ़ाने पर भगवान शीघ्र प्रसन्न होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। यही परंपरा इस धाम को विशिष्ट पहचान दिलाती है।
- **तीन दिन तक चलता है धार्मिक अनुष्ठान :** मेले के पहले दिन जलाभिषेक और विशेष पूजन की शुरुआत होती है। दूसरे दिन महाशिवरात्रि पर रात्रि जागरण, रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और महाआरती का आयोजन किया जाता है। पूरी रात भक्त शिवभक्ति में लीन रहते हैं। तीसरे दिन भंडारे, प्रसाद वितरण और धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मेले का समापन होता है।
- **सजता है भक्ति और लोक संस्कृति का मेला :** मंदिर परिसर और आसपास



अस्थायी दुकानों की कतारें लग जाती हैं, जहां प्रसाद, पूजन सामग्री, खिलौने और ग्रामीण हस्तशिल्प की वस्तुएं बिकती हैं। ग्रामीण अंचलों की लोक संस्कृति और मेलों की पारंपरिक रौनक यहां देखने को मिलती है। परिवार सहित पहुंचे श्रद्धालु धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मेले का आनंद भी लेते हैं।

- **प्रशासन और स्थानीय समिति की व्यवस्थाएं :** श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, पार्किंग, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और प्राथमिक चिकित्सा के विशेष इंतजाम किए जाते हैं। पहाड़ी मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती रहती है और स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाते हैं। स्वयंसेवक श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करते हैं ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।
- **आस्था और प्रकृति का अद्भुत संगम :** प्राकृतिक गुफा में स्थापित शिवलिंग, चट्टानों के बीच से बहती जलधारा और चारों ओर फैली हरियाली इस स्थल को अलौकिक वातावरण प्रदान करती है। महाशिवरात्रि के तीन दिनों में यह पूरा क्षेत्र भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर हो जाता है।

तिलक सिंदूर महादेव में लगने वाला यह तीन दिवसीय मेला नर्मदापुरम जिले की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। हर वर्ष बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या इस बात का प्रमाण है कि सतपुड़ा की गोद में बसा यह पावन धाम आस्था का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।

### सांसद की पहल रंग लाई

## रेलवे स्टेशन से तीन पुलिया तक की सड़क निर्माण को मिली मंजूरी

**अनोखा तीर, इटारसी।** रेलवे स्टेशन से तीन पुलिया तक सड़क निर्माण के बहुप्रतीक्षित कार्य को आखिरकार मंजूरी मिल गई है। विगत कई महीनों से इस सड़क का निर्माण कार्य प्रशासनिक रूप से अटका हुआ था। सड़क की हालत खराब होने के कारण क्षेत्रीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। रेलवे स्टेशन से तीन पुलिया तक की सड़क जर्जर हालत में थी, जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी सतह के कारण आवागमन बाधित हो रहा था। लंबे समय से बदहाल पड़ी इस सड़क के सुधार की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार उठाई जा रही थी। पिछले दिनों इस संबंध में जब राज्यसभा सांसद माया नारोलिया को जेड आर यू सी सी के सदस्य राजा तिवारी द्वारा अवगत कराया गया तो श्रीमती नारोलिया ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे के अधिकारियों से चर्चा की। जिसके बाद पश्चिम मध्य रेलवे हरकत में आया और रेलवे स्टेशन से तीन पुलिया तक सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की प्रक्रिया को गति मिली और तकनीकी प्रक्रिया शीघ्र पूरी की गई और अब निर्माण कार्य को आखिरकार मंजूरी मिल गई है।




नगर प्रशासन ने भी निर्माण कार्य को सुचारु रूप से प्रारंभ कराने हेतु संबंधित मार्ग को अस्थायी रूप से बंद करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। कार्य निर्माण एजेंसी ने भी कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आशा है शीघ्र ही नागरिकों को राहत मिलेगी। सड़क निर्माण प्रक्रिया के शुरू होने पर क्षेत्र की जनता ने सांसद नारोलिया और जेडआरयूसीसी के सदस्य राजा तिवारी का आभार व्यक्त किया है।

## सार-समाचार

### संकल्प से समाधान के तहत नागरिकों के आवेदनों का किया जा रहा निराकरण

**अनोखा तीर, खंडवा।** प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पात्रता अनुसार सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके, इस उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शिविर लगाकर एवं नागरिकों से घर घर जाकर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आयोजित शिविरों में अभी तक जिले में लगभग 71800 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें से लगभग 48600 आवेदनों का निराकरण भी किया जा चुका है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवेदन संकलन की गति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण करें।



### शहीद पटेल कॉलोनी में कच्ची सड़कों का किया भूमिपूजन

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** वार्ड क्रं. 9 और 10 में शहीद पटेल कॉलोनी की कच्ची सड़कों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में पंडितजी द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चन कर भूमिपूजन कराया गया। वार्ड क्रं. 9 के पार्षद सभापति ईश्वरदास जमींदार ने बताया कि शहीद पटेल कालोनी के निर्माण होने से लेकर आज तक वर्षो से उसकी सहायक सड़के बंद पड़ी थी, जिसे पार्षद बनने के तुरंत बाद ही सबसे पहले उनका अर्थवर्क कराकर उनको चलने लायक बनाया था किंतु उसके बाद भी उक्त सड़के पथरीली और कच्चा रास्ता होने से कीचड़ रहता था, जिससे राहगीर परेशान थे। वार्डवासियों की मांग पर मुख्यमंत्री आधोसंरचना अंतर्गत सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही वार्ड 9 शंकर मंदिर के पीछे शिक्षक कॉलोनी में भी टूटी सड़को के कारण जल भराव की समस्या बनी रहती थी। वहां पर भी सीसी सड़क और नाली निर्माण कराकर जल भराव की समस्या को समाप्त किया। अब दोनों कालोनियों में सड़क निर्माण करके वार्डवासियों की समस्या का समाधान कर रास्ता सुगम बनाया। पार्षद दुर्गेश उइके ने बताया कि हमारे वार्ड के लोगों को इस रोड की बहुत जरूरत थी क्योंकि मुख्य सड़क व्यस्त होने पर लोग इनका ही उपयोग करते है जो आज पूरी हुई। पार्षद सभापति ईश्वरदास जमींदार ओर दुर्गेश उईके ने पत्रकार बंधुओ का विशेष धन्यवाद ज्ञापित करते हुए वार्ड के विकास कार्यो को पूरा करने पर नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन का आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष रितेश जैन ने आश्वस्त किया कि शहर में विकास के कार्य में कोई कमी नहीं रहेगी। जो शेष कार्य रहे हैं उन्हें भी जल्द से जल्द पूर्ण किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष वरिष्ठ पार्षद श्रीमती प्रीति शुक्ला, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौर, वरिष्ठ नेता शैलेंद्र गौर, पार्षद किरण राठौर, तुलसीराम कुशवाहा, कमलेश पटेल मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह उइके, कमलेश लोवंशी, छोटू धपाडिया, तुषार लोवंशी, चिंटू लोधा, राजेश गौर, उमेश यादव उपस्थित रहे।



### पुलिस की सक्रियता से मिले दो लापता बच्चे

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** शहर के दो बच्चे घर से बिना बताए लापता हो गए थे, जिन्हें पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से ढूंढ निकाला। बच्चे जबलपुर और बालाघाट तक पहुंच गए थे, लेकिन पुलिस टीम उन्हें सुरक्षित वापस लाने के लिए रवाना हो गई है। पता चला है कि परिजनों ने कुछ बात को लेकर डांटा था, जिसके बाद वे नाराज होकर घर से चले गए थे। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को नगर के दो बच्चे घर से बिना बताये लापता हो गए थे, जो पुलिस की सक्रियता से मात्र 10 घंटे मे ही मिल गए। थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि मस्जिद मोहल्ला और गोटियापुरा से 2 नाबालिग बच्चे अपने घर वालों को बिना बताए लापता हो गए थे। जिसकी सूचना परिवार वालों ने पुलिस को दी। पुलिस ने सीसी टीवी कैमरो की मदद से बच्चों को तलाश किया तब पता लगा कि बच्चे ट्रेन में बैठकर जबलपुर और जबलपुर से बालाघाट चले गए। जीआरपी पुलिस बालाघाट से सम्पर्क करने पर दोनों बच्चों को सुरक्षित जीआरपी थाना बालाघाट में बैठाकर रखा है। पुलिस टीम रवाना हो गई है, जो दोनों बच्चों को सुरक्षित ले आएगी।




### महाशिवरात्रि मेले में सुरक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चाक-चौबंद

## चौरागढ़ पर उमड़ा आस्था का सैलाब

### दुर्गम पहाड़ियों के बीच रात भर जारी रही दर्शन की कतारें

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** पचमढ़ी में आयोजित महाशिवरात्रि मेले के दौरान आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है। जिले के एकमात्र हिल स्टेशन पर स्थित प्रसिद्ध चौरागढ़ में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु दुर्गम पहाड़ियों और कठिन चढ़ाई को पार कर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। ऊंचे पहाड़, संकरे रास्ते और लंबी कतारों के बीच भक्तों की श्रद्धा और उत्साह देखते ही बन रहा है। महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर 6 से 15 फरवरी तक आयोजित इस मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ दिन-रात बनी हुई है। प्रशासन द्वारा सुरक्षा और सुविधा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। दुर्गम मार्गों पर कंट्रोल रूम, सहायता केंद्र, खोया-पाया केंद्र और स्वास्थ्य शिविर स्थापित कर हर समस्या का त्वरित समाधान किया जा रहा है।



### हर प्रमुख स्थल पर मेडिकल टीम तैनात

मेले के दौरान चौरागढ़, नांदिया जंक्शन, अंडरपास, बीड़, बड़ा महादेव, नांदिया ग्राम और जटाशंकर सहित विभिन्न स्थलों पर डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है। मेडिकल टीम ऑक्सीजन सिलेंडर, स्ट्रेचर और जीवनरक्षक दवाइयों से लैस है। प्राथमिक उपचार की व्यवस्था के साथ एंबुलेंस भी तैनात हैं, जो गंभीर मरीजों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचमढ़ी पहुंचा रही हैं। अधिकांश श्रद्धालु हाथ-पैर दर्द, बुखार, सांस लेने में तकलीफ, घबराहट और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं के चलते उपचार के लिए पहुंच रहे हैं।

### आपदा प्रबंधन और एनडीआरएफ की मुस्तैदी

मेले में आपदा प्रबंधन दल और एनडीआरएफ की टीम विशेष रूप से तैनात है। बीमार या घायल श्रद्धालुओं को तत्काल नजदीकी हेल्थ कैंप अथवा अस्पताल तक पहुंचाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा निवासी रवि जथुराया को प्रवेश द्वार पर चोट लगने के बाद डीपी प्वाइंट मेडिकल कैंप में उपचार दिलाया गया। सकरी पुलिया पर गंभीर रूप से बीमार हुए एक व्यक्ति को स्ट्रेचर के माध्यम से डीपी प्वाइंट लाकर एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। इसी प्रकार अमरावती निवासी बबनराव चांदने को चौरागढ़ से बीड प्वाइंट होते हुए अस्पताल रेफर किया गया। ऑक्सीजन की कमी से पीड़ित एक बुजुर्ग श्रद्धालु को भी समय रहते पचमढ़ी अस्पताल पहुंचाकर उपचार उपलब्ध कराया गया।

### खोया-पाया केंद्र बना सहारा

मेले में संचालित खोया-पाया केंद्र भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। लगभग 6 वर्षीय नित्य को उसके पिता अनूप रत्न से सफलतापूर्वक मिलाया गया, जिससे परिवार ने राहत की सांस ली। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर प्रशासन की सतर्कता और बेहतर व्यवस्थाओं के चलते श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में दर्शन कर रहे हैं।

## अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 9 ओवरलोड डंपर जब्त

- **ग्रीन पार्क ढाबा के पास संयुक्त टीम की छापामार कार्रवाई**

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्रीन पार्क ढाबा नर्मदापुरम के पास से रेत का ओवरलोड परिवहन करते हुए 9 डंपरों को जब्त किया गया। यह कार्रवाई खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। जब्त किए गए डंपरों को सुरक्षार्थ क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय नर्मदापुरम परिसर में खड़ा कराया गया है। कार्रवाई के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम जय सोलंकी, जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम, खनि निरीक्षक पिंकी चौहान, थाना प्रभारी देहात सौरभ पाण्डे, प्रभार खनि निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, सिपाही हेमंत राज एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहे। जब्त किए गए वाहनों के विरुद्ध मप्र खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



## सजा आनंदेश्वर महादेव मंदिर, हर-हर महादेव से गूंजी व्यास कॉलोनी



- **पार्षद ने मंदिर चबूतरा निर्माण के लिए 15 हजार का सहयोग दिया**

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** व्यास कॉलोनी में आनंदेश्वर महादेव मंदिर में भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम आचार्य घनश्याम तिवारी एवं ब्राह्मण आचार्य आशुतोष जोशी के सानिध्य में विधि-विधान पूर्वक सम्पन्न हुआ। मुख्य यजमान के रूप में विजय शंकर सोनी एवं श्रीमती पुष्पा सोनी ने विधिवत पूजन-अर्चन कर धार्मिक कर्तव्यों का निर्वहन किया।

इस पावन अवसर पर वार्ड क्रं. 8 की पार्षद अनुराधा दीपक दीक्षित ने मंदिर चबूतरा निर्माण हेतु 15,000 की सहयोग राशि प्रदान की। इस सहयोग से मंदिर चबूतरे पर टाइल्स लगाई गई तथा शिवलिंग के समीप कोटा पत्थर का निर्माण कार्य कराया गया। कॉलोनीवासियों ने पार्षद अनुराधा दीपक दीक्षित के इस धार्मिक योगदान की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ऋषिकांत पटवा, पंकज सोनी, अमित सिंह ठाकुर, संतोष गुरु, छगनलाल लोबांसी, नंदकिशोर सूर्यवंशी, श्याम रघुवंशी, मुकेश रघुवंशी सहित समस्त व्यास कॉलोनीवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### नेशनल और इंटरनेशनल मार्केट में अंगों की तस्करी का था नेटवर्क

## बाघ पैंगोलिन तस्करी मामले में तीन शिकारियों को 4-4 साल की सजा

- **मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय का फैसला, 25-25 हजार रुपए जुर्माना भी**

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** वन्यजीवों के अवैध शिकार और उनके अंगों की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार में तस्करी करने के मामले में न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय ने तीन शिकारियों को दोषी पाते हुए प्रत्येक को 4-4 वर्ष के कठोर कारावास एवं 25-25 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। दोषियों में आदिन सिंह उर्फ कल्ला, पुजारी सिंह और रिंडिक टेरोन्पी शामिल हैं। तीनों के खिलाफ बाघ और पैंगोलिन जैसे संरक्षित वन्य प्राणियों का शिकार कर उनके अंगों की तस्करी करने के आरोप सिद्ध हुए। यह गिरोह देश के विभिन्न राज्यों में सक्रिय था और वन्यजीवों के अंगों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सप्लाई करता था। न्यायालय ने आरोपियों को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया।

विशेष रूप से आदिन सिंह उर्फ कल्ला बावरिया को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वांछित तस्कर बताया गया, जो लंबे समय से वन्यजीव तस्करी के नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। इस फैसले को वन विभाग और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े अधिकारियों ने बड़ी सफलता माना है। अधिकारियों का कहना है कि यह निर्णय वन्यजीव तस्करों के लिए कड़ा संदेश है और भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मददगार साबित होगा। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार बाघ और पैंगोलिन दोनों ही अत्यंत संवेदनशील और संरक्षित प्रजातियां हैं, जिनके अवैध शिकार से जैव विविधता को गंभीर नुकसान पहुंचता है। न्यायालय के इस निर्णय से वन्यजीव संरक्षण को मजबूती मिलने की उम्मीद है।




## महाशिवरात्रि मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 450 पुलिसकर्मी तैनात

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पचमढ़ी में आयोजित महाशिवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नर्मदापुरम पुलिस द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मेले क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थल, मंदिर परिसर एवं प्रमुख मार्गो पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। पूरे मेला क्षेत्र को 6 सेक्टरों में विभाजित किया गया है तथा लगभग 450 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला पुलिस बल के अतिरिक्त पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए। विशेष सशस्त्र बल के जवान भी तैनात किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में लगे बल की ड्यूटी दो शिफ्टों में निर्धारित की गई है। मेले के दौरान 10 वाहन लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं, जिससे प्रत्येक मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पिपरिया-पचमढ़ी पहुंच मार्ग पर यातायात व्यवस्था के लिए विशेष पॉइंट स्थापित किए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर कन्वॉय सिस्टम के माध्यम से आवागमन को नियंत्रित किया जा रहा है। यह संपूर्ण व्यवस्था साई कृष्णा भापुसे, पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम के मार्गदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पिपरिया मोहित यादव के पर्यवेक्षण में संचालित की जा रही है। नर्मदापुरम पुलिस द्वारा किए गए इन पुख्ता इंतजामों से महाशिवरात्रि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में दर्शन का अवसर मिल रहा है।



## मार्ग अवरूद्ध कर ठेले पर सामग्री बेचने वालों पर हुई कार्रवाई

**अनोखा तीर, इटारसी।** नगर पालिका परिषद इटारसी में आज मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती रितु मेहरा के निर्देश पर आरआई गजेंद्र पांडे के नेतृत्व में अतिक्रमण दल द्वारा बाजार क्षेत्र में रोड अवरुद्ध कर खड़े रहने वाले फल विक्रेताओं के ठेले व सामग्री जप्त करने की कार्यवाही की गई। इस दौरान फल विक्रेताओं द्वारा नगर पालिका कर्मचारियों से अभद्रता भी की गई। नगर पालिका द्वारा रोड को अवरुद्ध कर ठेले पर सामग्री बेचने वालों के खिलाफ लगातार यह कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले ठेला चालकों के खिलाफ थाने में अपराध दर्ज भी करवाया जाएगा।



**जाहिर सूचना**

मेरे पासपोर्ट क्रमांक **j3027837** में मेरा नाम **TAHIRA** दर्ज है, लेकिन अब मेरे द्वारा नाम के आगे सरनेम लगाकर **TAHIRA HUSEN** कर लिया गया है। अतः अब भविष्य में मुझे मेरे परिवर्तित नाम **TAHIRA HUSEN** से ही जाना जाए।
पताः-**D/O Shabber Husain Jama Masjid ke pas Kumerati HOSHANGABAD Pin.461001.**

## सार-समाचार

### तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, एक की मौत, एक घायल

**अनोखा तीर, देवास।** एक सड़क हादसे में गुरुवार रात को एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। बीएनपी थाना क्षेत्र के आवास नगर में एक तेज रफ्तार ईवी कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, राजेश गोस्वामी 36 वर्ष निवासी सोमेश्वर मंदिर नाहर दरवाजा, बीती रात करीब 12 बजे दोपहिया वाहन चालक विशाल सोलंकी से लिफ्ट



लेकर अपने घर जा रहे थे। आवास नगर चौराहे के पास एक तेज रफ्तार ईवी कार ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनके स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों करीब 60 फीट दूर जा गिरे। हादसे के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने राजेश गोस्वामी को जांच के बाद इंदौर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में ही राजेश ने दम तोड़ दिया। आज सुबह जिला अस्पताल में मृतक राजेश का पोस्टमार्टम किया गया। राजेश बांगर स्थित टोल टैक्स पर नौकरी करते थे। टक्कर मारने वाली कार देवास के अनाज मंडी व्यापारी की बताई जा रही है। कार की रफ्तार काफी तेज थी और हादसे के बाद उसके एयरबैग भी खुल गए थे। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### अज्ञात चोरों ने पानी मोटर और केबल तार किए चोरी


**अनोखा तीर, भैंसदेही।** क्षेत्र में पूर्णा डेम में लगी पानी मोटर एवं तांबा केबल चोरी होने की शिकायत किसानों ने भैंसदेही थाने में आवेदन के माध्यम से दर्ज कराई है। किसानों ने आवेदन में बताया कि रबी फसल की सिंचाई के लिए पूर्णा डेम पर पानी की मोटर लगाई थी। इसमें से पांच मोटर और केबल



अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। जिससे किसानों को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा दर्जनों किसानों के मोटर केबल और मोटर चोरी की है। जिसमें संजू लिखितकर, श्रावण बर्डे, युवराज पारखे, साहेबराव, वासुदेव, रविशंकर, सुडक्या, अशोक मालवीय, गुरुभजन, हरी सहित अन्य किसानों के सैकड़ों फीट केबल चोरी हुए हैं। जिसके कारण किसान फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं और फसले सूख रही है। किसानों ने अज्ञात चोरों को जल्द पकड़कर कठोर कार्रवाही करने की मांग की है।

### श्री शीलनाथ धुनी संस्थान में मनेगा महाशिवरात्रि महोत्सव

**अनोखा तीर, देवास।** मल्हार रोड स्थित श्री शीलनाथ धुनी संस्थान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। ट्रस्ट प्रबंधक दिलीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 फरवरी,



रविवार को प्रातः 7 बजे गुरु महाराज का अभिषेक-पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 9 बजे महाआरती होगी। संध्या 7 बजे पुनः महाआरती आयोजित की जाएगी। आरती के पश्चात भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत भल्ला, ट्रस्टी भगवान सिंह चावड़ा, राजेंद्र महंत, महेंद्र सिंह पडियार, पूर्व प्रबंधक सुरेश गोखले, पुजारी गिरीश उपाध्याय, सुभाष वर्मा, रोशन रायकवार, जय सिंह, निलेश वर्मा, नितेश वर्मा, चेतन पंवार, उमेश चौहान, प्रमोद चौहान, मंथन परिहार, दिव्यांशु, संतोष वर्मा सहित भक्त मंडल ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महाशिवरात्रि महोत्सव का लाभ लेने की अपील की है।

### देवास के खिलाड़ियों ने सॉफ्टटेनिस चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**अनोखा तीर, देवास।** लुधियाना पंजाब में 03 से 08 फरवरी 2026 तक 2 री एशियन जूनियर सॉफ्टटेनिस चैंपिनशिप का आयोजन किया गया। विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते ने बताया कि चैंपिनशिप में देवास के खिलाड़ियों ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सिंगल्स अंडर 18 निपुण सांगते ने थाईलैंड को व अंडर 15 में आदित्य बालोदिया ने एवं टीम इवेंट्स में अनुष्का दवन्दे ने चीन को परास्त करते हुए स्वर्ण पदक जीता।



खिलाड़ियों के स्वर्ण पदक जीतने पर देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों ने देवास का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। मैं जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए जो भी संभव सहयोग होगा उसे करने की पूर्ण कोशिश करूंगा। मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ की अध्यक्ष डॉ. आयुषी देशमुख, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ की सचिव माया सांगते, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव, देवास जिला सॉफ्टटेनिस के अध्यक्ष महेश चौहान, प्रदेश संघ की उपाध्यक्ष डॉ. समीरा नईम, खेलगुरु राधेश्याम सोलंकी, श्रीकांत उपाध्याय, हेमेन्द्र निगम काकू, मनीष जायसवाल, प्रवीण सांगते, कोच गौरव कदम, कोच प्रीति पंवार, कमल सिंह आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

**आज से शुरू होगा शिवम सेवा समिति का 17वां महाभंडारा**

# तीन दिन चलेगी श्रद्धालुओं की सेवा

**अनोखा तीर, बैतूल।**

शिवम सेवा समिति का 17वां महाभंडारा आज 14 फरवरी को सुबह 11.30 बजे से कमानी गेट, कोठी बाजार में विधिवत प्रारंभ होगा। लगातार तीन दिनों तक चलने वाले इस महाभंडारे में हजारों श्रद्धालुओं के लिए उत्तम एवं व्यवस्थित भोजन की व्यवस्था की गई है।

समिति के सदस्य पिछले कई दिनों से तैयारियों में जुटे हुए थे और आज से यह सेवा कार्य औपचारिक रूप से शुरू हो रहा है। समिति के राकेश शर्मा ने बताया कि शिवम सेवा समिति का मुख्य उद्देश्य भोपाली एवं पचमढ़ी महादेव दर्शन के लिए जाने और लौटने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना है। इन श्रद्धालुओं में जिले भर से बड़ी संख्या में किसान भाई, माताएं, बहनें और बच्चे शामिल रहते हैं। यात्रा के दौरान उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए महाभंडारे के माध्यम से सुस्वाद और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। यह महाभंडारा 16 फरवरी की रात्रि तक निरंतर जारी रहेगा। महाभंडारे के साथ मानव सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। राकेश शर्मा ने नगरवासियों से अपील की है कि जो भी व्यक्ति इस पुनीत कार्य में सहभागी बनना चाहता हो, वह संपर्क कर सकता है। समिति ने सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देते हुए बैतूल के सभी होटल व्यवसायी भाइयों से कैंसर मुक्त बैतूल के संकल्प को ध्यान में रखते हुए प्लास्टिक पॉलिथीन एवं ग्लास कप का उपयोग न करने का आग्रह भी किया है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़े। तीन दिवसीय इस महाआयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

**यूजीसी का 19 संगठनों ने विरोध जताया, शव यात्रा निकाल पुतला दहन**

# सवर्ण समाज ने नियमों को बताया काला कानून




**अनोखा तीर, देवास।**

सवर्ण समाज के 19 संगठनों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का विरोध में प्रदर्शन किया। शुक्रवार को स्थानीय सयाजीद्वार से यूजीसी की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। रैली का समापन जवाहर चौक पर हुआ, जहां सवर्ण समाज द्वारा पुतले का दहन कर ज्ञापन भी सौंपा गया। प्रदर्शनकारी संगठनों ने यूजीसी के नए नियमों को तत्काल वापस लेने की मांग की। समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि ये नियम जातिगत भेदभाव को बढ़ावा देते हैं। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने बताया कि समस्त सवर्ण समाज देवास इस कानून का विरोध करता है। मिश्रा ने कहा कि यह नियम सवर्ण समाज के लिए काला कानून है और उनके बच्चों के भविष्य को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि समस्त सवर्ण समाज के अध्यक्षों के साथ चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद किया गया है। उन्होंने सरकार से इस कानून को तुरंत वापस लेने की अपील की।

# शिवधाम सालबर्डी में 24 लाख के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

- **वर्षभर के प्रयासों को मिली सफलता, शिवरात्रि पर विकास की नींव**

**अनोखा तीर, बैतूल।**



शिवधाम सालबर्डी में लंबे समय से चली आ रही सामुदायिक भवन की मांग आखिरकार पूरी हो गई। शिवरात्रि के पावन अवसर पर 24 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। यह सौगात मां बगलामुखी उपासक आचार्य रविन्द्र मानकर के लगातार एक वर्ष तक किए गए प्रयासों का परिणाम है। क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने और धार्मिक आयोजनों के दौरान भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता था, जिससे सामुदायिक भवन की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। आचार्य रविन्द्र मानकर ने इस आवश्यकता को प्राथमिकता देते हुए लगातार जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक स्तर पर पहल की। पूर्व में उनके नेतृत्व में वेदांता निर्माण के डायरेक्टर सिविल इंजीनियर कपिल डांगे, व्यवसायी गोलू उगड़े और युवा अधिकारी रोशन मगरदे ने शिवधाम स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद ग्राम पंचायत सालबर्डी के साथ विस्तृत चर्चा कर सामुदायिक भवन निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया। भवन के अभाव से उत्पन्न समस्याओं को गंभीरता से प्रस्तुत करते हुए प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों को भेजा गया।

**विधायक की अनुशंसा से स्वीकृत हुई 24 लाख की राशि-** ग्राम पंचायत द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर सकारात्मक पहल करते हुए मुलताई विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर देशमुख की अनुशंसा से 24 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई। राशि स्वीकृत होते ही निर्माण प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम तय किया गया। इससे क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण देखा गया।

**जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ भूमिपूजन-** शिवरात्रि के शुभ अवसर पर आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में जनपद पंचायत प्रभात पट्टन की अध्यक्ष श्रीमती सोनाली विनोद इरपाचे, ग्राम पंचायत सालबर्डी के सरपंच गुलाबराव इवने, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आंचल पवार और सचिव राजू वराठे की उपस्थिति रही। विधिवत पूजा-अर्चना के साथ निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की गई। निर्माण पूर्ण होने के बाद यह सामुदायिक भवन शिवधाम सालबर्डी आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के ठहरने और मांगलिक आयोजनों के आयोजन में सहायक सिद्ध होगा। क्षेत्रवासियों ने इस उपलब्धि का प्रमुख श्रेय मां बगलामुखी साधक आचार्य रविन्द्र मानकर को दिया। इस अवसर पर आचार्य मानकर ने कहा कि यह कार्य मां बगलामुखी देवी की कृपा से संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि सालबर्डी की गुफा में निवास करने वाले मारोती बाबा से दीक्षित भक्त मंगला देवी ने कठोर साधना कर मां अम्बा को प्रसन्न किया और धारूल अम्बादेवी धाम को अपनी भक्ति से सजाया। उसी दिव्य प्रेरणा से यह जनसेवा का कार्य साकार रूप ले सका।

# लापरवाही से बस चला रहा चालक गिरफ्तार

- **तेज रफ्तार में यात्रियों की जान जोखिम में डालने पर कोर्ट ने भेजा जेल**

**अनोखा तीर, देवास।**

पुलिस ने लापरवाही से बस चलाकर यात्रियों की जान जोखिम में डालने वाले चालक के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामला 12 फरवरी 2026 को सामने आया। पुलिस को सोशल मीडिया के जरिए शिकायत मिली थी कि मेढकीचक-चंदाना रोड पर देवास की ओर आ रही सागर बस का चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहा है। शिकायत में बताया गया कि चालक अधिक सवारियां बैठाने की कोशिश में बस को खतरनाक तरीके से दौड़ा रहा था। इससे बस में बैठे यात्रियों और सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी। पुलिस ने सूचना की जांच की और चालक की पहचान मोईन शेख पिता निजामुद्दीन शेख उम्र 33 वर्ष निवासी रसलपुर औद्योगिक क्षेत्र के रूप में की। उसके खिलाफ सिविल लाइन थाने में अपराध क्रं 76/2026 दर्ज किया गया। आरोपी पर धारा 281 बीएनएस और 132/177(1), 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण कायम किया गया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। वैधानिक प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि इस तरह की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर की गई। जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। देवास पुलिस ने नागरिकों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने, सावधानी से वाहन चलाने और अपनी साथ ही दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखने की अपील की है। पुलिस ने साफ किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भविष्य में भी लगातार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वर्ष 2026 में इस अभियान को और ज्यादा प्रभावी बनाने की तैयारी है।

**राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू**

# भारत भारती के पास पक्के निर्माण ध्वस्त

**अनोखा तीर, बैतूल।**

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैतूल अभिजीत सिंह के आदेश के आधार पर राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार से राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। अभियान के तहत भारत भारती क्षेत्र के पास बुलडोजर चलाकर पक्के अतिक्रमण हटाए गए।

कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग, पुलिस एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का अमला मौके पर मौजूद रहा। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार भारत सरकार द्वारा स्वीकृत राष्ट्रीय राजमार्ग (बैतूल-इटारसी) एवं (बैतूल-इंदौर) के चौड़ीकरण व विकास कार्य में बाधक बन रहे अवैध अतिक्रमणों को हटाया जा रहा है। एनएचएआई द्वारा चिन्हित अतिक्रमणों को हटाने के लिए संयुक्त दल का गठन किया गया है। बैतूल इंदौर हाइवे पर दनोरा से जीन गांव तक के लिए नायब तहसीलदार श्याम सिंह उइके को प्रभारी बनाया गया है। जबकि सहायक अधिकारी के रूप में प्रभारी राजस्व निरीक्षक जितेंद्र पवार, उमेश गीद एवं हल्का पटवारी को शामिल किया गया है।

ग्राम जोगली से मिर्जापुर के बीच के हिस्से में अतिक्रमण हटाने के लिए चिचोली तहसीलदार प्रेमसिंह दीवान को प्रभारी एवं राजस्व निरीक्षक राजू लोखंडे, राहुल इवने को सहायक अधिकारी बनाया है। बैतूल-इटारसी हाइवे पर सोनाघाटी से बैतूल तहसील की सीमा तक के लिए राजस्व निरीक्षक हेमंत चिल्हाटे एवं हल्का पटवारी को सहायक अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। शुक्रवार को सोनाघाटी, भारत भारती के पास राष्ट्रीय राजमार्ग की सीमा में किए गए पक्के निर्माण, दुकानों के विस्तार और अन्य अवैध ढांचों को बुलडोजर की मदद से हटाया गया। प्रशासन द्वारा पूर्व में संबंधित अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन निर्धारित समय सीमा में अतिक्रमण न हटाने पर सख्त कदम उठाया गया। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर




निर्धारित सीमा तक अतिक्रमण हटाया जा रहा है, जिससे सड़क चौड़ीकरण कार्य में तेजी आएगी और यातायात व्यवस्था अधिक सुरक्षित व सुचारु होगी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और शेष चिन्हित अतिक्रमणों को निर्धारित तिथियों में हटाया जाएगा। नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर प्रशासन का सहयोग करें।

# महर्षि गौतम हाई स्कूल में मनाया विदाई समारोह

**अनोखा तीर, कांटाफोड़।**

नगर के महर्षि गौतम हाई स्कूल में कक्षा 9वीं के बच्चों ने 10वीं के बच्चों का विदाई समारोह किया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

कार्यक्रम में कक्षा नवमीं के बच्चों ने साथ विताये पलों को याद कर उन्हें अग्रिम भविष्य की शुभकामना दीं। वहीं सीनियर्स ने अपना अनुभव बताकर जूनियर्स से अच्छी पढ़ाई कर स्कूल के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कही। कार्यक्रम में प्राचार्या श्रीमती अर्चना शर्मा, संचालक बालकृष्ण शर्मा ने शब्दों के माध्यम से बच्चों को बिदाई देते हुए कहा कि आज आप स्कूल से विदाई जरूर ले रहे हैं, हम ईश्वर से कामना करते हैं कि आपका भविष्य उज्जवल हो और आप हमेशा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर स्कूल एवं अपने परिवार का नाम रोशन करें। विद्यार्थी और शिक्षक का साथ तो जीवन भर रहेगा। कभी भी शिक्षा के मार्ग में आवश्यकता पड़े तो जीवन पर्यन्त तक आपकी हर संभव मदद की जाएगी। कार्यक्रम में बच्चों ने गेम्स भी रखे, वहीं 9वीं के बच्चों ने 10वीं के भैया-बहिनों को उपहार दिए और 10वीं के बच्चों ने विद्यालय को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर शिक्षक ऋषभ परमार, अजय धुर्वे, अभिनंदनी मालवीया, ममता मालवीया, पूजा शर्मा, तनीषा यादव, पायल गौड़, प्राची बराया, राखी राठौर, राधिका राठौर, माधुरी राठौर, वैशाली राठौर, वर्षा परते, पारुल बराया, महिमा मालवीया सहित विद्यालय परिवार ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अच्छे अंकों से बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9वीं के छात्र पीयूष मोरी एवं दिव्यांशु राठौर ने किया एवं आभार दीपचंद्र यादव ने माना।




### वृद्धाश्रम बसेरा में होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित

**अनोखा तीर, देवास।**

जिला आयुष अधिकारी डॉ. ममता जूनवाल ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा वरिष्ठजनों के लिए हॉलिस्टिक वेल-बीइंग कैंपस का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत वृद्धाश्रम बसेरा देवास में होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में डॉ. आकांक्षा कुशवाह द्वारा वृद्धजनों को ध्यान एवं ओम उच्चारण करवाया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सुभाषचंद्र भार्गव द्वारा सीनियर सिटीजन को जीवन शैली में आयुर्वेद की महत्ता के बारे में बताया गया। शिविर में विभागीय अधिकारी, बसेरा प्रबंधक एवं वृद्धजन उपस्थित थे।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल, म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

## सार-समाचार

आवश्यक कार्रवाई ....

# सालों पुराने अतिक्रमण पर चली जेसीबी

- **प्रताप कॉलोनी में अस्थायी अतिक्रमण को तोड़ा**

**अनोखा तीर, हरदा।** शहर के मध्य स्थित प्रताप कॉलोनी में सालों पुराने अतिक्रमण पर नपा ने प्रभावी कार्रवाई की है। यहां मकानों के पीछे लंबे समय से व्याप्त अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया है। कार्रवाई दौरान स्थानीय रहवासी अपने-अपने मकानों के पीछे सामान को समेटते नजर आए। बता दें कि प्रताप कॉलोनी में पीपल के पेड़ के साइड में एक गली है,



जो बंद पड़ी थी। लोगों ने गली में टीन, ईंट समेत अन्य तरीकों से आड़ कर रखी थी। जिसके चलते यहां स्थित एक कुंआ भी इन सब के बीचोंबीच गुमनाम सा हो गया था। यही कारण है कि नालियों की व्यवस्थित साफ-सफाई का अभाव तथा कुंए में गंदगी के चलते बदबू का वातावरण रहता था, जो अन्य रहवासियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ था। हालांकि, नपा ने उनकी इस समस्या का समाधान करने की दिशा में यह आवश्यक कार्रवाई की है। कार्रवाई के बाद गली खुली-खुली नजर आने लगी है। गली इस रोड से उस रोड तक है। अब नपा के सफाई कामगारों को साफ-सफाई में किसी तरह की अड़चन नही होगी।

## दीप जलाकर ओम ध्वनि व परमात्मा का ध्यान करेंगे

**अनोखा तीर, हरदा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय हरदा में रविवार 15 फरवरी को धार्मिक आयोजन रखा गया है। जिसकी भक्तों द्वारा व्यापक तयारियां की जा रही हैं। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे छीपानेर रोड स्थित ओम शांति भवन में होगा। इस दिन सभी श्रद्धालु दीप जलाकर ओम ध्वनि एवं परमात्मा का ध्यान करेंगे।

ध्वज पूजन के साथ पंचकोशी यात्रा प्रारंभ...

# भजन-कीर्तन व जयकारों के साथ निकले पदयात्री

- पंचकोशी यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल
- श्रद्धालुओं का जगह-जगह स्वागत व सेवा

**अनोखा तीर, हंडिया।**



हर साल की तरह इस साल भी नेमावर स्थित सिद्धनाथ घाट से शुक्रवार को मॉ नर्मदा की पंचकोशी यात्रा प्रारंभ हुई। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हैं। इनमें बुजुर्ग, बच्चें व महिलाएं भी शामिल हैं। यात्रा की शुरूआत से पहले घाट पर ध्वज पूजन हुआ। इस मौके पर मैया के जयकारों से पूरा तटीय क्षेत्र गूंज उठा। पंचकोशी यात्रा में शामिल होने के लिए गुरूवार शाम से ही श्रद्धालुओं का नर्मदा घाट पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। देर रात भक्तों ने मैया के भजन-कीर्तन किए। वहीं रात्रि विश्राम कर तड़के नर्मदा का पुण्य स्नान किया। तत्पश्चात पंचकोशी यात्रा के प्रथम पड़ाव की ओर रवाना हो गए। इस दौरान श्रृद्धालु हाथों मे ध्वज, ढोल की थाप तथा मैय्या के भजन-कीर्तन व जय-जयकार के साथ आगे बढ़े। बता दें कि मां नर्मदा के प्रति भक्तों में गहरी आस्था और विश्वास है। इसी के चलते हर साल पंचकोशी यात्रा भव्य एवं दिव्य रूप में देखने को मिलती है।

# घटनास्थल पर पहुंची पुलिस व एफएसएल टीम

- **सुखरास में बच्चो का शव मिलने का मामला**

- पुलिस मामले की बारिकी से जांच में जुटी

**अनोखा तीर, हरदा।** सिविल लाइन थानाक्षेत्र के ग्राम सुखरास में एक 5 साल के बच्चे का शव खंडहरनुमा स्कूल में मिलने के बाद गांव समेत आसपास के इलाके में दुख का माहौल है। यहां हर एक व्यक्ति घटना को लेकर गहरे विचार में डूबा है। घटना के दूसरे दिन यानि शुक्रवार को एसडीओपी शालिनी परस्ते व सिविल लाइन थाना प्रभारी आरएस तिवारी व उनकी टीम के अलावा नर्मदापुरम और बैतूल से आई एफएसएल टीम जांच में जुटी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार को गांव का एक 5 वर्षीय बालक आंगनबाड़ी से घर नही पहुंचा था। जिसके बाद परिजन चिंतित हो उठे। परिजनों के साथ अन्य ग्रामवासियों ने बालक की सभी जगहों पर खोजबीन की। आखिर में गांव में करीब 2 साल से बंद पड़े शासकीय माध्यमिक शाला के खंडहर भवन में बालक का शव मिला है। पुलिस की प्राथमिक जांच में बालक के गले में चोट के निशान मिलने की बात सामने आई है। पुलिस टीम घटना की बारिकी से जांच कर रही है। ताकि जल्द से जल्द घटना का खुलासा हो सके। एसडीओपी शालिपी परस्ते ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर एफएसएल की टीम के साथ साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं बालक की पीएम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सरपंच अनिल पुनासे ने बताया कि गांव का पुराना शाला भवन लंबे समय से खंडहर है। जहां आएदिन घटनाओं की खबर मिलती है। इसको डिस्मेंटल करने के लिए दो-तीन लिा चुके हैं।

सड़क हादसा...

## बाईक को मारी टक्कर, एक की मौत

- **हादसे में मृतक की पत्नि व बेटी गंभीर घायल**

**अनोखा तीर, हरदा।** बीती रात खंडवा स्टेट हाइवे पर कडोला उबारी के पास एक अज्ञात वाहन ने बाईक को टक्कर मार दी। जिसके चलते बाईक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाईक पर उनके साथ जा रही पत्नि और बेटी गंभीर रूप से घायल है। जिन्हें शासकीय जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार रहटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कनगांव निवासी रामविलास बीड़ारिया गुरूवार शाम को अपनी पत्नि उमाबाई और बेटी साक्षी के साथ हरदा में एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस घर लौट रहे थे, तभी उनकी बाईक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि रामविलास की मौके पर ही मौत हो गई। जिला अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार उमाबाई और साक्षी की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए भोपाल किया गया है।

## अतिथि विद्वान को हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया

**अनोखा तीर, हरदा।** कतिया समाज विकास महासभा ने शासकीय महाविद्यालय में अतिथि विद्वान के रूप में पदस्थ भाजपा जिला महामंत्री को हटाने की मांग को लेकर शुक्रवार को संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में कहा कि महाविद्यालय में अतिथि विद्वान बसंत सिंह राजपूत भारतीय जनता पार्टी में महामंत्री है। वहीं दूसरी ओर शासकीय महाविद्यालय में अतिथि विद्वान के रूप में भी कार्यरत है। वे भाजपा के कार्यक्रमों में उपस्थित रहकर पार्टी का प्रचार प्रसार करते हैं। ऐसे में कैसे निष्पक्ष शिक्षा दी जा सकती है। महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा के मंदिर को राजनीतिक गतिविधियों का केन्द्र बना रखा है, जो कि नियमों के विरूद्ध है। यह भी कहा कि महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य अनुसूचित जाति वर्ग की है। जिनकी छात्रों के माध्यम से झूठी शिकायत कराई जा रही हैं। जिसके चलते वे मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। महासभा के लोगों ने सवाल किया कि ऐसा कौन सा नियम है जो उनको महाविद्यालय में अतिथि विद्वान रखकर भाजपा का प्रचार प्रसार करा रहे हैं। ज्ञापन के अंत में कहा कि तीन दिवस के अंदर कार्रवाई नही हुई तो सामाजिक संगठन उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की रहेगी। ज्ञापन सौंपते समय प्रदेश अध्यक्ष सोहन बिल्लौरे, देवेश्वर दूधे, एडव्होकेट तुकाराम बिलारे, विनोद नागले, रामस्वरूप लखोरे, राहुल पवारे, केपी चौरे, रामचन्द्र झिंझोरे, अर्जुन हुरमाले, देवीदिन चावड़ा, गणपत चौरसिया, जयनारायण चौरे, गंगाविशन ओनकर, गोलू भंवरे, लक्ष्मण भैंसारे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

